www.hindmatamirror.com ●वर्ष: 12 ●अंक: 15 ●ठाणे, शनिवार 6 सितंबर, 2025 ●पेज: 8 ●मूल्य: 2 रुपए hindmatamirror1@gmail.com



विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

पेज 8

दैनिक

# हिंदमाता मिरर

RNI. NO. MAHHIN/2011/43060

पैनी नजर, पुख्ता खबर

जेनेलिया डिसूज़ा का ट्रेडिशनल लुक

पेज 8




### सुप्रभात

अगर इंसान सुख-दुख की चिंता से ऊपर उठ जाए, तो आसमान की ऊंचाई भी उसके पैरों तले आ जाए। - सादी

### मौसम का मिजाज

सूर्यास्त (6 सितंबर) 6:49 बजे, सूर्योदय (7 सितंबर) 6:25 बजे, **तापमान: 27 डिग्री से. (हल्की बारिश।)**

## फोटो ऑफ द डे



मार्शल आर्ट की दुनिया में भारत के कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट का अपना अलग स्थान है। शुक्रवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट सीख रहे कैडेट्स ने अपने स्नातक समारोह में कलारीपयट्टू की युद्धकला का प्रदर्शन किया।

## न्यूज इन नंबर

### 14.44




**लाख** हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है महाराष्ट्र के 29 जिलों में। राज्य के कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में नांदेड़ हैं, जहां 6.20 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसल को नुकसान पहुंचा, जबकि वाशिम और यवतमाल में अलग अलग 4 लाख हेक्टेयर, धाराशिव में 1.50 लाख हेक्टेयर, बुलढाणा में 89,782 हेक्टेयर, सोलापुर में 47,266 हेक्टेयर, अकोला में 43,828 हेक्टेयर और हिंगोली में 40 हजार हेक्टेयर भूमि पर फसलों को नुकसान हुआ है।

### 9658

**अनुकंपा** नियुक्ति पदों पर महाराष्ट्र सरकार करेगी भर्ती। सरकार ने अनुकंपा नियुक्ति के आधार पर कुल 9,658 पदों पर भर्ती की मंजूरी दे दी है, जिनमें चतुर्थ श्रेणी के पद भी शामिल हैं। राज्य के इतिहास में यह पहली बार होगा जब अनुकंपा नियुक्ति के तहत इतने बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि सामान्यत: चतुर्थ श्रेणी की भर्ती निजी ठेकेदारों के जरिए होती है लेकिन अब सरकार ने फैसला किया है कि वह ऐसे लंबित पदों पर सीधी भर्ती करेगी।

### 800



**करोड़** रुपए से ज्यादा की शराब ओणम के सीजन में पी गए केरल के लोग। केरल राज्य पेय पदार्थ निगम (केएसबीसी) ने शुक्रवार को बताया कि ओणम सीजन के पहले 10 दिनों (25 अगस्त से 4 सितंबर तक) गुरुवार तक शराब की बिक्री पिछले साल ओणम सीजन की तुलना में 6.38% अधिक रही। 2024 में इसी अवधि के दौरान, बिक्री 776.82 करोड़ रुपए थी।

## ट्रेंडिंग न्यूज

### जबलपुर में जन्मा 5.2 किलो का बच्चा!



**हिंदमाता नेटवर्क @ जबलपुर**

**जबलपुर** के रानी दुर्गावती लेडी एल्गिन अस्पताल में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 34 वर्षीय महिला शुभांगी यादव ने 5.2 किलोग्राम वजनी स्वस्थ बेटे को जन्म दिया है। बच्चे का जन्म ऑपरेशन से हुआ और उसका वजन देखकर डॉक्टर भी दंग रह गए। डॉक्टरों के अनुसार, आमतौर पर नवजात शिशु का औसत वजन 2.8 से 3.2 किलोग्राम होता है, लेकिन 5 किलोग्राम से अधिक वजन का बच्चा होना हजारों प्रसव में कभी-कभार ही देखा जाता है। बच्चे की मां का कहना है कि अभी गणेश उत्सव चल रहा है और भगवान गणेश ने हमारे यहां जन्म लिया है। बच्चे के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल है। मां और बेटे दोनों का पूरी तरह से स्वस्थ होना परिजनों की खुशियां बढ़ा रहा है।

गणेश विसर्जन के दौरान 21 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी, 10,000 सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और एआई तकनीक से निगरानी

# विसर्जन पर प्रशासन अलर्ट



- करीब 1.75 लाख घरेलू और 6,500 सार्वजनिक मूर्तियों का होगा विसर्जन
- बीएमसी ने अपने 10 हजार कर्मचारियों को विसर्जन व्यवस्था में तैनात किया
- 70 प्राकृतिक जलाशयों और 298 कृत्रिम तालाबों में विसर्जन की व्यवस्था

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**आज** अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों के विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई में 21,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पहली बार पुलिस यातायात प्रबंधन और ट्रैफिक संबंधी अन्य अद्यतन जानकारी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करेगी। अधिकारी के अनुसार, 12 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, 40 उप पुलिस आयुक्त, 61 सहायक पुलिस आयुक्त, 3,000 अधिकारी और 18,000 पुलिसकर्मी इस बल का हिस्सा होंगे। इसके अलावा राज्य आरक्षित पुलिस बल की 14 कंपनियां, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की चार कंपनियां, त्वरित प्रतिक्रिया दल और बम खोजी एवं निस्तारण दस्ता भी तैनात रहेगा।

### बीएमसी की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की गई है

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि शहर में करीब 6,500 सार्वजनिक गणेश मूर्तियां और 1.75 लाख घरेलू मूर्तियां समुद्र तटों, अन्य जल निकायों और 205 कृत्रिम तालाबों में विसर्जित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि बीएमसी की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की गई है और विसर्जन स्थलों पर जीवनरक्षक (तैराक) भी मौजूद रहेंगे।

### ट्रैफिक पुलिस भी मुस्तैद

भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन और शहर भर में लगे 10,000 सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि निजी ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) अनिल कुंभारे ने बताया कि वाहनों की आवाजाही सुचारू रखने के लिए यातायात पुलिस भी तैनात रहेगी।

### 10000 बीएमसी कर्मचारी तैनात

बीएमसी ने स्थिति को संभालने के लिए 10,000 कर्मचारी तैनात किए हैं। बीएमसी ने अपील की है कि घर और सोसाइटी की गणेश मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में करें, ताकि प्राकृतिक जलस्रोतों में प्रदूषण कम हो सके। विसर्जन स्थलों पर अग्निशमन वाहन भी मौजूद रहेंगे। शहर भर में 70 प्राकृतिक जलाशयों और 298 कृत्रिम तालाबों में विसर्जन की व्यवस्था की गई है।

### 2178 लाइफगार्ड तैनात

बीएमसी की विज्ञप्ति के अनुसार, प्राकृतिक जलाशयों और कृत्रिम तालाबों पर 2,178 लाइफगार्ड तैनात किए गए हैं।

### 56 मोटरबोट की व्यवस्था

किसी भी आपात स्थिति में बचाव कार्य के लिए 56 मोटरबोट की व्यवस्था की गई है।

### ट्रैफिक कंट्रोल की ऐसी है प्लानिंग

- ट्रैफिक डिपार्टमेंट ने भी विसर्जन के दिन के लिए स्पेशल प्लान तैयार किया है। जॉइंट कमिश्नर ट्रैफिक अनिल कुंभारे के मुताबिक 4 डीसीपी, 8 एसीपी, 60 पीआई, 179 एपीआई/पीएसआई और 2,826 ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।
- एमएसएफ के 275 जवान और अनिरुद्ध बापू की एनजीओ से 340 वॉलंटियर भी मदद करेंगे।
- 54 क्रेन तैयार रहेंगी ताकि खराब गाड़ियों को तुरंत हटाया जा सके।
- 12 रोड ओवरब्रिज की खराब स्थिति को देखते हुए वहां भारी वाहनों के प्रवेश और लंबे समय तक रुकने पर रोक लगाई गई है।
- शहर में 52 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां से ट्रैफिक और भीड़ की निगरानी होगी।

## आया धमकी भरा मैसेज

### मुंबई में घुसे 14 आतंकवादी, 34 ह्यूमन बॉम्ब और 400 किलो आरडीएक्स से दहलेगी मायानगरी

**मायानगरी** मुंबई में एक बार फिर से बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। यह धमकी भरा मैसेज मुंबई पुलिस की ट्रैफिक पुलिस के वाट्सऐप नंबर पर भेजा गया है। मुंबई में फिलहाल गणेश उत्सव की धूम है, ऐसे में धमकी मिलते ही पुलिस की टीम अलर्ट मोड पर आ गई है। मुंबई पुलिस की ट्रैफिक पुलिस के वाट्सऐप नंबर पर भेजे गए मैसेज में दावा किया गया है कि 34 गाड़ियों में ह्यूमन बॉम्ब लगाए गए हैं और विस्फोट के बाद पूरा मुंबई शहर हिल जाएगा। धमकी में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का उल्लेख है। साथ ही इसमें यह भी दावा किया गया है कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं। इतना ही नहीं धमकी भरे मैसेज में कहा गया है कि, 400 किलो आरडीएक्स के विस्फोट से 1 करोड़ लोगों की जान जाएगी। बम ब्लास्ट की धमकी मिलने के बाद से ही मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है।

### पहली बार नहीं मिली ब्लास्ट की धमकी

यह पहली बार नहीं है जब मुंबई में बड़े लेवल पर ब्लास्ट की धमकी मिली है। पहले भी कई बार ऐसी धमकियां मिल चुकी है। हालांकि, इस बार धमकी बेहद गंभीर है और इसमें लाखों लोगों को टारगेट बनाने की बात कही गई है। इतना ही नहीं हाल ही में वरली के फोर सीजन होटल में ब्लास्ट की वॉर्निंग दी गई थी। 14 अगस्त को भी पुलिस को एक ट्रेन में धमाका होने की धमकी दी गई थी। पर जांच में कुछ नहीं मिला।

### सीएसएमटी को उड़ाने की भी मिल चुकी है धमकी

26 जुलाई को भी एक ऐसी ही धमकी सामने आई थी, जिसके बाद हड़कंप मच गया था। इस धमकी संदेश में कहा गया था कि, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) को बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी देने वाले ने स्पष्ट रूप से कहा था कि, स्टेशन पर बम रखा जाएगा। यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है।

### चौपाटियों पर दिखेगा विहंगम विसर्जन दृश्य



**गणेश** उत्सव में सबसे भावुक और भव्य पल गणेश विसर्जन होता है। इस दौरान ढोल-ताशे की गूंज और अलग-अलग तरह की मूर्तियों के बीच गणपति बप्पा मोर्या के नारे लगाते बप्पा को विदाई नजारे देखने लायक होते हैं। गिरगांव चौपाटी मुंबई का एक प्रसिद्ध समुद्र किनारा है जहां पर गणेश विसर्जन के लिए लाखों लोगों की भीड़ लगती है। यहां पर गणपति बप्पा को विसर्जित करने के लिए लोग दूर दूर से आते हैं। जिसकी वजह से यहां का नजारा काफी भव्य और आकर्षक लगता है। पवई झील पर गणेश जी को विसर्जित करने का सबसे अच्छा स्थान माना जाता है। यहां पर उत्सव और नृत्य के बीच पानी में डूबी गणेश जी की प्रतिमाओं का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। जुहू बीच गणपति विसर्जन के लिए काफी प्रसिद्ध है। यहां पर बॉलीवुड से जुड़ी हस्तियां भी आती हैं। नागपुर में स्थित चौपाटी बीच गणेश विसर्जन के लिए शानदार जगहों में शामिल है।

महिला अफसर पर धौंसबाजी के बाद दादा की सफाई

# मेरा उद्देश्य कानून में हस्तक्षेप करना नहीं था

- राऊत बरसे, रोहित बचाव में उतरे

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एक आईपीएस महिला अधिकारी के बीच हुई बातचीत का वीडियो वायरल होने के मामले में शुक्रवार को उन्होनें सोशल मीडिया एक्स पर अपना बयान जारी करते हुए कहा कि सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से संबंधित कुछ वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनकी ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया गया है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करना नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। मैं अपने पुलिस बल और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं, जो विशिष्टता और साहस के साथ सेवा करती हैं, का बहुत सम्मान करता हूं और कानून के शासन को सर्वोपरि मानता हूं। मैं पारदर्शी शासन के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं कि रेत खनन सहित हर अवैध गतिविधि से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाए।

### संजय राऊत ने मांगा इस्तीफा

शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राऊत ने अजित पवार पर 'चोरों' को संरक्षण देने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। राऊत ने कहा, 'वह इतने अनुशासित हैं, है ना? आपका अनुशासन कहां है? वह उन्हें (आईपीएस अधिकारी को) अपनी पार्टी के चोरों को संरक्षण देने के लिए डांट रहे हैं। मुरम मिट्टी का अवैध उत्खनन सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा रहा है। जैसा कि यह सार्वजनिक हो गया है, अजित पवार को सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है। पहले भी, कई (नेताओं) को ऐसी घटनाओं के कारण नैतिक आधार पर इस्तीफा देना पड़ा।' राऊत ने आरोप लगाया, 'आप पूरे राज्य को लूट रहे हैं। मंत्रियों को शर्म आनी चाहिए।'



### बातचीत का वीडियो हुआ था वायरल

दरअसल, गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और आईपीएस महिला अधिकारी अंजलि कृष्णा के बीच हुई बातचीत का वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडिया सोलापुर का बताया गया है। इस वीडियो में उपमुख्यमंत्री अजित पवार आईपीएस महिला अधिकारी अंजलि कृष्णा से कार्रवाई रोकने की बात कह रहे हैं। इसके अलावा वह यह भी कहते हैं, तुम इतनी निडर हो? मैं कार्रवाई करूं क्या? इतना ही नहीं, इसके बाद उपमुख्यमंत्री महिला अधिकारी से उनका फोन नंबर मांगते हैं। जिले के माढा तालुका के कुर्दू गांव एक आईपीएस अधिकारी अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने पहुंची थीं, तभी उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कथित तौर पर उन्हें फोन किया और तुरंत कार्रवाई रोकने के लिए कहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

### भतीजे ने किया चाचा का बचाव

सोशल मीडिया पर आए वीडियो में एक महिला आईपीएस अधिकारी को कथित तौर पर धमकाने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को शुक्रवार को उनके भतीजे एवं प्रतिद्वंद्वी राकांपा (एसपी) के विधायक रोहित पवार का समर्थन मिला। राकांपा (एसपी) के महासचिव रोहित पवार ने दावा किया कि अजित पवार के गठबंधन सहयोगियों ने सोलापुर जिले में 'मुरम' मिट्टी (सड़क निर्माण और अन्य उद्देश्यों में उपयोग की जाने वाली) के अवैध उत्खनन पर उनके और आईपीएस अधिकारी के बीच बातचीत को जानबूझकर अलग मोड़ देने की कोशिश की है। अजित दादा को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उनके दोस्त किस तरह जाल बिछा रहे हैं। राज्य में कृषि ऋण माफी और बारिश से हुए नुकसान जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी है, लेकिन इन पर बात करने के बजाय, करमाला (सोलापुर जिला) में महिला पुलिस अधिकारी और अजित पवार के बीच हुई बातचीत पर ज्यादा चर्चा हो रही है।

## न्यायमूर्ति चंद्रशेखर ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली



**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**न्यायमूर्ति** श्रीचंद्रशेखर ने शुक्रवार को मुंबई उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती और राज्य पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। न्यायमूर्ति आलोक अराधे के उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत होने के बाद न्यायमूर्ति चंद्रशेखर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे।

### दिल्ली में प्रैक्टिस शुरू की

जस्टिस श्रीचंद्रशेखर अब तक एक्टिंग चीफ जस्टिस के पद पर थे। उनका जन्म 25 मई 1965 को हुआ था। जस्टिस श्रीचंद्रशेखर ने 1993 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से कानून में ग्रेजुएशन किया और दिल्ली में प्रैक्टिस शुरू की, जिसमें उन्होंने क्रिमिनल और सिविल दोनों तरह के मामले देखे।

### लगभग 3,500 मामलों में पैरवी की

19 साल की प्रैक्टिस के दौरान, उन्होंने लगभग 3,500 मामलों में पैरवी की, जिनमें से ज्यादातर सुप्रीम कोर्ट में थे। बॉम्बे हाई कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के लगभग 140 फैसलों में उनका नाम वकील के तौर पर दर्ज है।

### जुलाई 2025 में बॉम्बे हाई कोर्ट का जज बनाया गया

जनवरी 2013 में उन्हें झारखंड हाई कोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया था और जून 2014 में उन्हें स्थायी जज बनाया गया था। 29 दिसंबर 2023 को, उन्होंने झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस का पदभार संभाला। जुलाई 2025 में उन्हें बॉम्बे हाई कोर्ट का जज बनाया गया। अब वह यहां के चीफ जस्टिस बन गए हैं।

## मलिक की क्लीन चिट को चुनौती

समीर वानखेड़े की बहन ने पुलिस की रिपोर्ट पर जताई आपत्ति

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**पूर्व** एनसीबी जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की बहन यास्मीन वानखेड़े ने एनसीपी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक को पुलिस द्वारा दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी है। उन्होंने बुधवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में एक विरोध याचिका दाखिल की है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनकी मानहानि शिकायत की जांच निष्पक्ष ढंग से नहीं की। साथ ही अपनी विरोध याचिका में उन्होंने दावा किया कि पुलिस की क्लीन चिट आरोपी व्यक्ति के आचरण को उचित ठहराने का प्रयास है, जो कानून के प्रावधानों के विपरीत है। यास्मीन वानखेड़े ने दावा किया कि ऐसा लगता है कि पुलिस की जांच महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक द्वारा प्रभावित ही नहीं की गई बल्कि काफी हद तक उनके द्वारा निर्देशित की गई है।

## चीन सीमा विवाद सबसे बड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती

**हिंदमाता नेटवर्क @ गोरखपुर**

**चीफ** ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद का न सुलझना सबसे बड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, इसके बाद पाकिस्तान का प्रोक्सी वॉर और 'भारत को धीरे-धीरे कमजोर करने की उसकी रणनीति' दूसरी बड़ी चुनौती है। सेना के शीर्ष अधिकारी ने क्षेत्रीय अस्थिरता और इसका भारत पर प्रभाव और तेजी से बदलते चुनौतीपूर्ण माहौल में हाई-टेक उपकरणों वाले भविष्य के युद्ध के हालात से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों को तीसरी और चौथी बड़ी चुनौती के रूप में बताया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीडीएस ने यह महत्वपूर्ण बयान दिया है।

## सरकार ने भानुमति का पिटारा खोल दिया है: भुजबल

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



**महाराष्ट्र** सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की हैदराबाद गजेटियर को लागू करने की मांग को स्वीकार करके भानुमति का पिटारा खोल दिया है। सरकार ने पिछले दिनों मराठों को आरक्षण का लाभ देने के लिए कुणबी जाति का प्रमाण पत्र देने के लिए हैदराबाद गजेटियर को लागू करने की जरांगे की मांग मान ली थी। ओबीसी नेता भुजबल ने एक टीवी चैनल से कहा, सरकार ने जरांगे की मांग मानकर भानुमति का पिटारा खोल दिया है। ओबीसी को उन लोगों के जाति प्रमाण पत्र पर कोई आपत्ति नहीं है जिनके दस्तावेज जमा करने के बाद राजपत्र में कुणबी रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। हालांकि नए सरकारी आदेश के अनुसार, मराठों के आवेदनों की नए सिरे से जांच की जाएगी और उन्हें जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। सरकारी आदेश में बदलाव करके पात्र शब्द हटा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम दबाव में उठाया गया है। उन्होंने कहा, अगर कुछ गलत हो रहा है तो मैं चुप नहीं रह सकता। मैंने मंडल आयोग के मुद्दे पर बालासाहेब ठाकरे का साथ छोड़ दिया था। मैं लड़ता रहूंगा। भुजबल ने दावा किया कि जाट, पटेल और अन्य समुदाय भी आरक्षण की मांग करेंगे। कई और राजपत्र जारी होंगे। मराठा नहीं रहेंगे, और सभी कुणबी बन जाएंगे। क्या इससे ओबीसी कोटा प्रभावित नहीं होगा?

## पीएम मोदी का मणिपुर दौरा तय!

संजय राऊत का हमला, बोले- अब प्रधानमंत्री पद से हटने का समय आ गया



**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी इस महीने मणिपुर का दौरा कर सकते हैं। मई 2023 में भड़की जातीय हिंसा के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। हालांकि दिल्ली या इंफाल से इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के मुताबिक पीएम मोदी 13 सितंबर को मिजोरम से मणिपुर पहुंचेंगे और रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इस खबर पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राऊत ने पीएम मोदी पर करारा हमला बोला है। राऊत ने कहा कि प्रधानमंत्री मणिपुर जा रहे हैं तो इसमें बड़ी बात क्या है? जब राज्य जल रहा था और हिंसा भड़क रही थी, तब वहां जाने की हिम्मत क्यों नहीं दिखाई? अब जब प्रधानमंत्री पद से जाने का समय आ गया है, तब वे पर्यटन करने जा रहे हैं।

# बहन ने ही घर में डाला डाका, 24 लाख के गहने और नकदी पार

## डुप्लीकेट चाबी बनाकर किया कांड



**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

ठाणे जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी ही बहन के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, आरोपी महिला ने अपनी बहन के घर से 24.42 लाख मूल्य का कीमती सामान चोरी कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 29 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद महिला ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में उसने अपना गुनाह कुबूल कर लिया।

### खाली घर में की चोरी

एक अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई निवासी आरोपी को 31 अगस्त को मुंब्रा इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया गया। महिला को चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। मुंब्रा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया कि शिकायतकर्ता अपने घर में ताला लगाकर अपनी मां से मिलने गई थी, तभी किसी ने कथित तौर पर डुप्लीकेट चाबी से ताला खोल कर फ्लैट में प्रवेश किया और 24.42 लाख मूल्य के सोने के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गया।

### आठ घंटे के भीतर पुलिस ने किया गिरफ्तार

वरिष्ठ निरीक्षक अनिल शिंदे ने कहा कि चूंकि जबरन प्रवेश का कोई संकेत नहीं था, इसलिए पुलिस को संदेह हुआ कि यह अपराध शिकायतकर्ता के किसी परिचित ने किया है। अधिकारी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल फोन डिटेल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आठ घंटे के भीतर आरोपी तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शुरूआत में टीम को गुमराह किया, लेकिन बाद में उसने अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। इस तरह से पुलिस ने अपनी बहन के घर में ही चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# सेक्स रैकेट चला रही अभिनेत्री गिरफ्तार

**• ग्राहकों से पैसे लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा**



**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने एक 41 साल की एक्ट्रेस को सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में अरेस्ट किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी न सिर्फ इस अवैध धंधे में शामिल थी, बल्कि उसने कई महिला एक्ट्रेस को भी इसमें धकेल दिया था। दो एक्ट्रेस को पुलिस ने रेस्क्यू किया है। एजेंसी के अनुसार, पुलिस को इस मामले की जानकारी मिली थी। इसके बाद मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस की टीम ने पूरी प्लानिंग के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी एक्ट्रेस की पहचान अनुष्का मोनी मोहन दास के रूप में हुई है। दरअसल, पुलिस ने दो फर्जी ग्राहकों को भेजा था, जिन्होंने पहले आरोपी महिला से संपर्क किया था। बातचीत होने के बाद आरोपी ने उन्हें बुधवार को मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर काशिमीरा स्थित एक मॉल में मिलने के लिए बुलाया।

### दो महिलाओं को भी किया रेस्क्यू

पुलिस की टीम पहले से ही सतर्क थी। जैसे ही अनुष्का दास ने वहां पर उन फर्जी ग्राहकों से पैसे लिए, पुलिस ने मौके पर छापा मार दिया और उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस ने दो महिलाओं को भी रेस्क्यू किया, जिन्हें इस अवैध गतिविधि में जबरन शामिल कराया जा रहा था। दोनों महिलाएं टीवी सीरियल और बांग्ला सिनेमा में काम कर चुकी हैं।

### आरोपी पिटा अधिनियम के तहत गिरफ्तार

मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया कि आरोपी को मानव तस्करी से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 143(3) और पिटा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। वहीं, रेस्क्यू की गई दोनों महिलाओं को सुरक्षा और पुनर्वास के लिए एक शेल्टर होम भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि अब इस बात को लेकर जांच की जा रही है, जिससे यह पता लग सके कि आरोपी महिला इस धंधे में कब से लिप्त थी। क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं? पुलिस को शक है कि इस रैकेट का नेटवर्क मुंबई और आसपास के इलाकों तक फैला हो सकता है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

### पुलिस खंगाल रही है नेटवर्क

मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया कि टीम ने परिसरों पर छापा मारा और आरोपियों को नकली ग्राहक बनाकर भेजे गए लोगों से पैसे लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। दास के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 143(3) और वैश्यावृत्ति (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बचाई गई महिलाओं को आश्रय गृह भेज दिया गया है। एसीपी बल्लाल ने कहा कि इस अपराध की तह तक जाने के लिए मामले की जांच की जा रही है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या इसमें और लोग भी शामिल हैं।

# रिश्वतखोरी मामले में रेलवे के पूर्व 'पॉइंट्समैन' को बरी किया



**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

ठाणे की एक विशेष अदालत ने 18 साल पुराने रिश्वतखोरी के एक मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा सबूत पेश करने में विफल रहने पर रेलवे के एक पूर्व 'पॉइंट्समैन' को बरी कर दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने दो सितंबर को एक आदेश में शिवाजी श्रीपत मशाल के खिलाफ सभी आरोप खारिज कर दिए। आदेश की एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई।

### मशाल को रिश्वत लेते हुए पकड़ा

अभियोजन पक्ष के अनुसार, कल्याण स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन मास्टर ओमप्रकाश तिपन्ना निन्ने ने एक बूट पॉलिश ठेकेदार से 1,000 रुपए मासिक रिश्वत की मांग की थी। ठेकेदार द्वारा शिकायत किए जाने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और दो मार्च, 2007 को निन्ने की ओर से मशाल को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। अदालत ने कहा कि निन्ने के कार्यालय में उस दिन नियमित चपरासी के गैरहाजिर रहने के कारण 'पॉइंट्समैन' के रूप में तैनात मशाल के खिलाफ रिश्वत की मांग और इसे स्वीकार करने का मामला साबित नहीं हुआ। मुकदमे के दौरान शिकायतकर्ता और निन्ने दोनों का निधन हो गया।

### मशाल का कोई उल्लेख नहीं

अदालत ने अभियोजन पक्ष के दो गवाहों की गवाही सुनी लेकिन पाया गया कि उनके बयान अभियोजन पक्ष के मामले को आगे नहीं बढ़ाते। न्यायाधीश देशमुख ने कहा कि सीबीआई ने स्वयं गंभीर मुद्दों का हवाला देते हुए मामला वापस लेने के लिए अर्जी दायर की थी। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता और मुख्य आरोपी की मृत्यु हो चुकी है जबकि शिकायत या सीबीआई की प्राथमिकी में रिश्वत लेने वाले के रूप में मशाल का कोई उल्लेख नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा है कि मशाल ने अब दिवंगत स्टेशन मास्टर की ओर से 1,000 रुपए की रिश्वत स्वीकार की थी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खतरनाक रासायनिक कारखानों के प्रदूषण एवं सुरक्षा उपायों को लेकर बैठक

**हिंदमाता संवाददाता @ पालघर**



जिले में खतरनाक एवं अति-खतरनाक रसायनों का उत्पादन करने वाले कारखानों में प्रदूषण नियंत्रण, श्रमिकों की सुरक्षा और आपातकालीन उपायों पर मार्गदर्शन हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने की। बैठक में विधायक राजेंद्र गावित विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, निवासी उपजिलाधिकारी सुभाष भागडे, जिले के उद्योग जगत के प्रतिनिधि, विभिन्न तहसीलदार (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) भी उपस्थित रहे। इस बैठक में जिले के विभिन्न रासायनिक कारखानों के भोगवटाधारी, प्रबंधक, प्रतिनिधि, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहसंचालक, उपसंचालक, सहायक संचालक, श्रम उपायुक्त और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने निर्देश दिए कि रासायनिक कारखानों में संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए श्रमिकों को नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और मॉक ड्रिल (रंगीन तालिम) आयोजित की जाएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि हर श्रमिक आपात स्थिति में सक्षम रूप से प्रतिक्रिया देने में समर्थ हो, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने गैस रिसाव, आग, विस्फोट और जानलेवा दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सुरक्षा उपायों और प्रक्रियाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा ऑडिट, प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल को नियमित रूप से और अनिवार्य रूप से लागू किया जाना चाहिए। पालघर के श्रम उपआयुक्त ने कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के कौशल विकास के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक कुशल और प्रशिक्षित होंगे तो दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और उद्योग क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से अधिक सक्षम बनेगा।

**वसई-विरार महापालिका चुनाव 2025**

# प्रारूप प्रभाग रचना पर नागरिकों से 160 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त

**हिंदमाता संवाददाता @ वसई**



वसई-विरार शहर महानगरपालिका के आगामी सार्वत्रिक चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत प्रकाशित प्रारूप प्रभाग रचना पर नागरिकों की उल्लेखनीय प्रतिक्रिया सामने आई है। महानगरपालिका को निर्धारित अवधि में इस प्रारूप पर कुल 160 आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से एक आपत्ति 2130 नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत की गई है। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार, प्रारूप प्रभाग रचना को 22 अगस्त 2025 को महापालिका मुख्यालय, सभी प्रभाग समिति कार्यालयों (प्रभाग अ से क) तथा महापालिका की आधिकारिक वेबसाइट www.vvcmc.in पर सार्वजनिक किया गया था। इस पर आपत्ति व सुझाव दर्ज कराने की अंतिम तिथि 4 सितंबर 2025 निर्धारित की गई थी।

### नागरिकों से प्राप्त कुल आपत्तियां-सुझाव

160,इनमें से मूल आपत्तियां, 10सामूहिक आपत्ति- 1 (2130 नागरिकों द्वारा हस्ताक्षरित) महानगरपालिका के अधिकारियों के अनुसार, सभी प्राप्त आपत्तियों और सुझावों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के तहत विधिवत प्रक्रिया में लिया जाएगा। संबंधित नागरिकों को इन आपत्तियों पर सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाएगा, जिसकी सूचना समय रहते दी जाएगी।

इस प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि वसई-विरार के नागरिक न केवल प्रशासनिक और राजनीतिक मुद्दों के प्रति सजग हैं, बल्कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी कर रहे हैं। विशेष रूप से, हजारों नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से दर्ज की गई सामूहिक आपत्ति यह दशार्ती है कि प्रारूप प्रभाग रचना को लेकर जनता में जागरूकता और संवेदनशीलता दोनों ही उच्च स्तर पर है। महापालिका अब इन सभी आपत्तियों का परीक्षण कर उन्हें निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके पश्चात अंतिम प्रभाग रचना अधिसूचित की जाएगी, जिस पर आधारित होकर वसई-विरार महापालिका चुनाव 2025 संपन्न होंगे।

# मीरा-भायंदर महानगर पालिका वार्ड संरचना घोषित, सब 2017 जैसा

**हिंदमाता संवाददाता @ मीरा-भायंदर**



मीरा-भायंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) की नई प्रभाग संरचना बुधवार देर रात (3 सितंबर) को प्रकाशित हुई। आश्चर्यजनक रूप से इस बार भी प्रभाग सीमाओं में कोई ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। वर्ष 2017 के मनपा चुनाव की तरह ही सीमाएं बरकरार रहने से पूर्व नगरसेवकों को बड़ी राहत मिली है। आगामी चुनावों के लिए राज्य चुनाव आयोग ने नए प्रभाग गठन का आदेश दिया था। चुनाव आयोग ने 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए सदस्य संख्या 95 तय की । हालांकि, नई अधिसूचना में यह साफ हो गया है कि प्रभाग संरचना पूरी तरह वर्ष 2017 जैसी ही रहेगी। इस पर आपत्तियां और सुझाव 15 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, किंतु सीमाएं पूर्ववत रहने के कारण आपत्तियां दर्ज होने की संभावनाएं कम व्यक्त की जा रही है।

### जनसंख्या व आरक्षण

शहर की अनुमानित जनसंख्या 8 लाख 9 हजार 378 है। इनमें से 23 वार्ड चार सदस्यीय होंगे, जिनकी जनसंख्या औसतन 34 हजार है, जबकि भायंदर पश्चिम के उत्तन का एक प्रभाग वार्ड 3 सदस्यीय होगा, जिसकी जनसंख्या लगभग 25 हजार 500 है। इस संरचना में कम से कम 48 सीटें महिलाओं के लिए और 26 सीटें ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी।

### भाजपा को लाभ की उम्मीद

वर्ष 2017 के चुनावों में इसी प्रभाग संरचना के चलते भाजपा को भारी लाभ मिला था। पार्टी ने 95 में से 61 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस बार भी भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। वहीं शिवसेना (शिंदे) ने भी आगामी मनपा चुनाव में भायंदर पश्चिम में अपने सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए कमर कसते दिखाई दे रही है।

### टिकट की होड़ तेज

प्रभाग सीमाएं लगभग वर्ष 2017 के चुनाव के अनुसार होने के कारण अधिकांश पूर्व नगरसेवकों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, टिकट वितरण की प्रक्रिया आसान नहीं होगी। भाजपा समेत प्रमुख दलों में नामांकन को लेकर कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। वहीं कुछ पूर्व नगरसेवको के टिकट कटने की भी चर्चाएं अभी से शुरू हो गई है।

# ठाणे में उपनगरीय ट्रेन से नाले में गिरे किशोर का शव मिला

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**



ठाणे जिले में कलवा के समीप विटावा में उपनगरीय ट्रेन से एक नाले में गिरे 19 वर्षीय युवक का शव शुक्रवार दोपहर बरामद कर लिया गया। महानगरपालिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे महानगरपालिका आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि कलवा के घोलई नगर निवासी आकाश शर्मा गुरुवार को अपराह्न एक बजे पड़ोसी मुंबई के मुलुंड से ट्रेन से यात्रा करते समय नाले में गिर गया था। उन्होंने कहा कि ठाणे आपदा मोचन बल (टीडीआरएफ) के जवान दो नौका के साथ तलाशी अभियान में शामिल थे और स्थानीय मछुआरों ने भी इसमें हिस्सा लिया। तलाशी अभियान गुरुवार सवा छह बजे तक जारी रहा और शुक्रवार सुबह इसे फिर से शुरू किया गया। आज (शुक्रवार) दोपहर साढ़े 12 बजे मछुआरों प्रथमेश खारकर, जीतू खारकर और सुरेश विटावकर को शव मिला। तडवी ने बताया कि पानी के तेज बहाव और तेज धाराओं के कारण तलाशी अभियान में बाधा आई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# लिव-इन रिलेशनशिप का खौफनाक अंत

## प्रेम त्रिकोण ने ली युवक की जान,आरोपी महिला सहित फरार

**हिंदमाता संवाददाता @ पालघर**

जिले के बोईसर-पास्थल क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक लिव-इन कपल के बीच उपजे प्रेम-त्रिकोण ने एक युवक की जान ले ली। हत्या के बाद आरोपी युवक और उसकी महिला साथी मौके से फरार हो गए हैं।

### अवैध संबंध बना जानलेवा कारण

यह घटना पास्थल स्थित बालाजी कॉम्प्लेक्स की है। यहां रहने वाला सुरेंद्र सिंह, जो पेशे से आइसक्रीम विक्रेता है, अपनी महिला साथी रेखा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। बताया गया है कि रेखा ने अपने पहले पति को छोड़कर सुरेंद्र के साथ रहना शुरू किया था। रेखा की नजदीकियां हरीश नामक एक अन्य युवक से बढ़ गईं। सुरेंद्र को जब इस रिश्ते की भनक लगी, तो वह अंदर ही अंदर क्रोधित होने लगा। सुरेंद्र ने किसी बहाने हरीश को अपने घर बुलाया और उस पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हरीश की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद सुरेंद्र और रेखा दोनों फ्लैट का दरवाजा बंद कर मौके से फरार हो गए।

### पुलिसिया जांच जारी,आरोपी फरार

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी विनायक नरले, डीएसपी विकास नाइक, और लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक प्रदीप पाटिल घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने खून के धब्बे, हथियार के निशान और अन्य सबूत इकट्ठा किए। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तारापुर पुलिस स्टेशन में आरोपी सुरेंद्र सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। महिला साथी रेखा भी सुरेंद्र के साथ फरार है। दोनों आरोपी मूल रूप से राजस्थान के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, रेखा का पारिवारिक इतिहास भी मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पहले पति को छोड़कर सुरेंद्र से संबंध बनाना और फिर हरीश से अवैध संबंध रखना यह सिलसिला आखिरकार एक खूनखराबे में तब्दील हो गया। पुलिस का मानना है कि इस हत्या की वास्तविक साजिश और रेखा की भूमिका का खुलासा तभी हो सकेगा जब आरोपी गिरफ्त में होंगे।

### स्थानीयों में दहशत का माहौल

इस निर्मम हत्या से पूरे बोईसर-पास्थल क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोग हैरान हैं कि एक प्रेम प्रसंग कैसे इतनी हिंसक और घातक दिशा ले सकता है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को आरोपियों के बारे में कोई सूचना हो, तो तुरंत तारापुर पुलिस स्टेशन या नजदीकी थाने में संपर्क करें।

**हिंदमाता एंकर: कल्याण रोड के मंदिर-मस्जिद और दुकानों पर मंडरा रहा था खतरा, अबू आसिम आजमी की दखल से मिली राहत**

# उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया विकास प्रारूप में सुधार का आश्वासन

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**



भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका द्वारा प्रस्तावित प्रारूप विकास आराखड़े में राजीव गांधी चौक से टेमघर मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ 20-20 फीट चौड़ीकरण के फैसले का विरोध तेज हो गया है। कल्याण रोड व्यापारी व रहिवासी संघर्ष समिति ने कुछ दिन पहले पत्रकार परिषद कर इस निर्णय को अन्यायपूर्ण बताया था और महाराष्ट्र की सभी राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्षों से लिखित पत्र के माध्यम से मदद की अपील की थी।

### प्रतिनिधियों सहित शिंदे के निवास पर पहुंचे

संघर्ष समिति की इस पहल के बाद समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष एवं विधायक अबू आसिम आजमी ने गंभीरता दिखाते हुए 4 सितंबर की रात कोलाबा स्थित अपने निवास पर कल्याण रोड के मंदिर, मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान के ट्रस्टी और संघर्ष समिति के जिम्मेदारों को बुलाया। उनकी बात सुनने के बाद आजमी ने तत्काल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से समय लिया और अगले ही दिन यानी 5 सितंबर की सुबह सभी प्रतिनिधियों को शिंदे के ठाणे स्थित निवास पर लेकर पहुंचे।

### विकास आराखड़े के नाम पर उखाड़ने की साजिश

इस बैठक में अबू आसिम आजमी ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से कहा कि जिस तरह आप 1700 करोड़ रुपए खर्च कर हजारों नागरिकों को बेघर व बेरोजगार होने से बचा रहे हैं, उसी तरह भिवंडी मनपा के प्रशासक और कुछ नेता निजी फायदे के लिए कल्याण रोड के नागरिकों को विकास आराखड़े के नाम पर उखाड़ने की साजिश कर रहे हैं। जिम्मेदारों की बात सुनने के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नगर विकास सचिव से फोन पर चर्चा की और तुरंत मनपा को प्रस्तावित विकास आराखड़े में संशोधन करने के निर्देश दिए। इस आश्वासन के बाद संघर्ष समिति ने शिंदे और आजमी का आभार जताया। अबू आसिम आजमी ने बैठक के बाद स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर जल्द ही मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे और तब तक संघर्ष समिति के साथ मिलकर कल्याण रोड की दुकानें, मकान और धार्मिक स्थानों को बचाने के लिए डटे रहेंगे।

### बड़ी हलचल का संकेत

इस मौके पर कल्याण रोड व्यापारी व रहिवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष शादाब उस्मानी, महासचिव राम लाहारे, माजी नगरसेवक दिन मोहम्मद खान, माजी नगरसेवक मेहमूद मोमिन, सुधाकर आँचन, तस्लीम शैख, जब्बार शैख, राकेश पाल, युसूफ शोलापुरकर, नईम खान, समाधान मस्के, शरद राम शेजपाल, ऐनुल शैख, असलम शैख, अनिल मामा, हबीब अंसारी, ईदरीस बाबा समेत फरीद खान, अनीस शैख और रफीक अंसारी मौजूद रहे। यह खबर भिवंडी शहर में विकास आराखड़े से जुड़ी बड़ी हलचल का संकेत दे रही है।

## फंक्शन जंक्शन

# रेलवे स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, कल्याण में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**




रेलवे स्कूल एवं जूनियर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड), कल्याण में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, आईआरसीटीसी पश्चिम जोन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीष सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मुंबई मंडल, मध्य रेलवे, डॉ. ए.के. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी तथा नागेश चौधरी, प्रबंधक/मानव संसाधन, आईआरसीटीसी पश्चिम जोन, मुंबई विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। अन्य कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए गौरव झा, समूह महाप्रबंधक/आईआरसीटीसी पश्चिम जोन ने कहा कि शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में मार्गदर्शक शक्ति होते हैं। उनका समर्पण और निष्ठा हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। आज का दिन हमें उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देने की याद दिलाता है। मनीष सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मुंबई मंडल ने कहा कि शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ शिक्षकों से सीखे गए संस्कार और मूल्य विद्यार्थियों के जीवनभर साथ रहते हैं। ऐसे समारोह शिक्षक-छात्र के रिश्ते को और भी सुदृढ़ बनाते हैं। कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमें ऐसे समर्पित शिक्षक मिलने का सौभाग्य प्राप्त है, जो हमारे विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में निरंतर प्रयासरत रहते हैं। आज विद्यार्थियों को दिया गया सम्मान, शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों की मेहनत का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन का संदेश दिया।

# महात्मा फुले शिक्षण संस्था मे शिक्षक दिवस व ईद- ए -मिलाद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



दिनांक 4 सितंबर 2025 के दिन म.फु.शि.संस्था द्वारा संचालित छत्रपती शिवाजी विद्यालय के प्रांगण मे शिक्षक दिवस व ईद-ए-मिलाद कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत पदाधिकारियो केशुभ कर कमलो से दीप प्रज्वलित करके की गई। इस सुअवसर पर विद्यार्थियो के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। चूंकि मौका ईद-ए-मिलाद का भी था तो ऊर्दू भाषी विद्यार्थियो के द्वारा नाद प्रस्तुत किए गए। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियो ने क्षिक्षक की भूमिका बखूबी निभाई। म.फु.शि.संस्था के अध्यक्ष बाबूराव माने सर ने संस्था मे कार्यरत सभी सदस्यो को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया व अल्पाहार का भी प्रबंध किया। इस अवसर पर सचिव दिलीप शिंदे सर, कोषाध्यक्ष प्रमोद माने सर, माध्यमिक विभाग की प्रिंसिपल वीणा दोनवलकर मॅडम, अंग्रेजी माध्यम की प्रिंसिपल स्वाती होलमुखे मॅडम, मनोहर जोशी कॉलेज की प्राचार्य मीनल मॅडम, प्राथमिक विभाग की प्रिंसिपलश्रदधा माने मॅडम, सर्व शिक्षकवृंद व शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने गणराया को अर्पित की 5 किलो चांदी की गदा


**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**



भिवंडी शहर में 'एकात्मतेचा राजा' के नाम से प्रसिद्ध धामणकर नाका मित्र मंडल के गणराया के दर्शन हेतु भाजपा महाराष्ट्र प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण गुरुवार को पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बप्पा चरणों में 5 किलो वजन की चांदी की गदा अर्पित की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष शेट्टी, विधायक महेश चौघुले, भाजपा शहराध्यक्ष रवी सावंत, आरपीआई अध्यक्ष महेंद्र गायकवाड, भाजपा माजी अध्यक्ष ॲड. हर्षल पाटील समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। पिछले वर्ष रवींद्र चव्हाण ने बप्पा से प्रार्थना की थी कि महाराष्ट्र में महायुती का सरकार सत्ता में आए। वह संकल्प पूर्ण होने के बाद उन्होंने इस वर्ष गणराया चरणों में चांदी की गदा अर्पित कर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य की जनता के हित में सभी योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित हों, ऐसी प्रार्थना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष संतोष शेट्टी ने रवींद्र चव्हाण का भव्य स्वागत किया। मंच पर उनके शुभहस्त से दो जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भरता हेतु सिलाई मशीनें भी वितरित की गईं।

# रामसापीर महाराज के जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन का आयोजन संपन्न

**हिंदमाता संवाददाता @ वसई**




बाबा रामसापीर जी महाराज के जन्मोत्सव पर नालासोपारा में स्थिति महेश पार्क में रामसापीर महाराज के मंदिर में आर के फाउंडेशन की तरफ से भजन, कीर्तन व जागरण का भव्य आलोकिक कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वसई विरार महानगर पालिका की प्रथम महिला महापौर प्रविणा हितेंद्र ठाकुर एवं पूर्व सभापति निलेश देशमुख द्वारा किया गया। इस प्रोग्राम में सुरेंद्र सिंह राज, वसई विरार जिला संगठक (शिवसेना पार्टी ऊबाठा), बहुजन विकास आघाड़ी के पदाधिकारी महेंद्र शर्मा, अमितवैद्य, सत्यप्रकाश सिंह, रामलाल कनौजिया व राजकुमार पांडे (उर्मिला फाउंडेशन के अध्यक्ष) रत्नाकर भाई ,राकेश सिंह, (शिवसेना ऊबाठा, पार्टी के पदाधिकारी) प्रकाश रसगनियां बाबूलाल मावलिया, नवरंग कुमार, राकेश सिंह, लक्ष्मण चौधरी, दिनेश बाशीर्वाल, जयेश माली व सभी भक्तगण उपस्थित रहें। संगीत के कलाकारो ने अपने भजनों से सभी के दिलों को भक्ति मय बना दिया। इस कार्यक्रम के आयोजक आर के फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धि

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

रायन इंटरनेशनल स्कूल, गोरेगांव (पूर्व) के दो छात्रों ने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और मुंबई का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 6-बी के छात्र क्रिश मंडल ने बेंगलुरु में 28 से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय आईसीएसई तैराकी चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। महज 11 वर्ष की आयु में क्रिश ने अंडर-14 श्रेणी में भाग लेकर, उम्र और अनुभव में वरिष्ठ खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी। उनकी यह उपलब्धि अनुशासन, आत्मविश्वास और परिश्रम का प्रतीक है। वहीं, 9 वर्षीय छात्र मास्टर स्वस्तिक ने 6वीं राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 (वाराणसी) में गोल्ड मेडल जीतकर अपने विद्यालय और परिवार का मान बढ़ाया। इसके साथ ही, स्वस्तिक ने पीएमएम मैराथन (परेल) में प्रथम स्थान सहित अन्य मैराथनों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व जताया है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इन सफलताओं से यह स्पष्ट है कि समर्पण, मार्गदर्शन और विद्यालयी सहयोग से युवा प्रतिभाएँ नई ऊंचाइयां छू सकती हैं।



# ट्रांसपोर्ट मंत्री सरनाईक ने खरीदी भारत की पहली टेस्ला कार

## •पोते को गिफ्ट करेंगे 60 लाख की कार

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को शुक्रवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बने टेस्ला के नए शोरूम से पहली कार टेस्ला मॉडल वाई मिली। सरनाइक ने इसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने के प्रति जागरुकता बढ़ाने की दिशा में किया गया प्रयास बताया। मंत्री ने अमेरिकी वाहन निमार्ता द्वारा जुलाई में भारत में अपना पहला शोरूम शुरू करने के एक दिन बाद वाई मॉडल बुक किया था। उन्होंने कहा कि वह इसे अपने पोते को उपहार स्वरूप देंगे ताकि स्वच्छ परिवहन के प्रति उसमें जागरुकता पैदा की जा सके। परिवहन मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ परिवहन दृष्टिकोण के अनुरूप, अगले दशक में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि राज्य ने अटल सेतु और समृद्धि एक्सप्रेसवे पर टोल छूट सहित कई प्रोत्साहनों की भी घोषणा की है।




### टेस्ला एक्सपीरिएंस सेंटर से गाड़ी की डिलीवरी ली

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने देश की पहली टेस्ला (टेस्ला मॉडल वाई) कार खरीदी है। खूबसूरत सफेद आलीशान गाड़ी की तस्वीरें भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं और कहा है कि राज्य के परिवहन मंत्री होने के नाते उन्होंने इसे खरीदने की कोशिश की और इसमें सफल रहे। परिवहन मंत्री और एकनाथ शिंदे की शिवसेना से नेता प्रताप सरनाइक ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉमप्लेक्स में बने 'टेस्ला एक्सपीरिएंस सेंटर' से अपनी गाड़ी की डिलीवरी ली।

### ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर होने के नाते खरीदी टेस्ला

प्रताप सरनाइक ने कहा कि मैंने अपने पोते को पहले ही यह गाड़ी गिफ्ट कर दी है। हालांकि, गाड़ी लेना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन पर्यावरण बचाने के संदेश से मैंने यह गाड़ी ली है। राज्य का ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) ले रहा है, यह मैसेज देने के लिए मैंने यह गाड़ी ली है।

### खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और खासकर मुंबई में पर्यावरण की काफी हानि हो रही है। मैं अपने आपको खुशनसीब समझता हूं कि टेस्ला कंपनी की पहली डिलीवरी महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को दी है। इसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। इसी के साथ मंत्री ने दावा किया कि ईवी को लेकर जो भी इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए, भारत सरकार उसके लिए सकारात्मक है। सहूलियत के लिए अटल सेतु आदि पर टोल नाके फ्री कर दिए गए हैं।

### 10 साल में महाराष्ट्र में पूर्ण रूप से ईवी आनी चाहिए

परिवहन मंत्री ने आगे कहा कि आने वाले 10 साल में महाराष्ट्र में पूर्ण रूप से ईवी आनी चाहिए। यह सरकार का संकल्प है और हमें इसे पूरा करना है। परिवहन मंत्री होने के नाते मैंने यह कार खरीदी है ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा ईवी खरीदें। टेस्ला ही नहीं, बल्कि कोई भी ईवी खरीदें और पर्यावरण बचाएं।

### प्रदेश के लिए 5150 इलेक्ट्रक बसें खरीदी गईं

मिनिस्टर ने कहा कि मैंने 5150 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी हैं। इन बसों के माध्यम से गांव-खेड़े के लोगों को भी ईवी की सुविधा दी जा रही है। आज की तारीख में 480 ईवी पब्लिक ट्रासंपोर्ट चल रही हैं। लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और खुश हैं। मुंबई में भारी बारिश के बीच बाकी की गाड़ियां तो रास्ते में बंद हो गई थीं लेकिन ईवी अच्छे से चल रही थी। इसलिए लोगों को अब धीरे-धीरे समझ आ रहा है कि ईवी का क्या फायदा होता है।

### एलन मस्क की टेस्ला का भारत में नहीं चला जादू!



भारत में टेस्ला के आगमन को लेकर जितनी चर्चा हुई थी, वह उसकी सेल्स में नहीं दिखी है। इस हफ्ते की शुरूआत में आई कई रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई के मध्य में बुकिंग शुरू करने के बाद से, कंपनी को केवल 600 से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। वैश्विक स्तर पर, टेस्ला कुछ ही घंटों में इतनी कारें बेच देती है। कंपनी इस साल भारत में 350 से 500 कारें शिप कर सकती है, जिसकी पहली खेप सितंबर की शुरूआत में शंघाई से आ चुकी है। शुरूआत में डिलीवरी मुंबई, दिल्ली, पुणे और गुरुग्राम तक सीमित रहेगी।

# 60.4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी!

## अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई पुलिस की आर्थिक शाखा ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। दोनों पर 60.4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में ये कार्रवाई की गई है। इससे दोनों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, जो पहले अपने वकील के जरिए इस आरोप को बेबुनियाद मामला बता चुके हैं। दरअसल, इसी साल अगस्त में मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में शिल्पा और राज कुंद्रा के खिलाफ 60.4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। यह शिकायत जुहू निवासी व्यवसायी दीपक कोठारी ने दर्ज कराई थी। दीपक कोठारी लोटस कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज के डायरेक्टर हैं।

### ऑडिटर में पाया गाया संदेहजनक

इसी मामले की जांच के दौरान मुंबई पुलिस की आर्थिक शाखा (ईओडब्ल्यू) ने अब शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस इनके ट्रेवल लॉग देख रही थी और अब लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। धोखाधड़ी के समय के बीच दोनों कहां-कहां गए और पैसों का लेनदेन कहां-कहां हुआ, मुंबई पुलिस ने यह जानकारी निकाली। ऑडिटर ने कुछ संदेहजनक पाया है इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया गया है। गणेश उत्सव और अन्य कारणों के चलते उनसे पूछताछ हो नहीं पाई थी।

### बिजनेस बढ़ाने के नाम पर 75 करोड़ रुपए का लोन

दीपक कोठारी ने बताया कि साल 2015 में राजेश आर्य नाम के एक व्यक्ति ने उनका परिचय शिल्पा और राज से कराया, जो उस समय कंपनी (बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड) के प्रमुख शेयरधारक थे। आरोप है कि दोनों ने बिजनेस बढ़ाने के नाम पर 75 करोड़ रुपए का लोन मांगा, लेकिन बाद में इसे निवेश के रूप में लेने की बात कही। शिल्पा और राज कुंद्रा ने कोठारी को 12 प्रतिशत ब्याज के साथ मासिक रिटर्न और मूलधन लौटाने का वादा किया।

### राज कुंद्रा ने दी थी व्यक्तिगत गारंटी

कोठारी ने अप्रैल 2015 में 31 करोड़ रुपए और सितंबर 2015 में 28 करोड़ रुपए कंपनी में निवेश किए। हालांकि, साल 2016 में शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया, जबकि राज कुंद्रा ने व्यक्तिगत गारंटी दी थी। कोठारी को बाद में पता चला कि साल 2017 में कंपनी के खिलाफ एक समझौते की चूक के कारण दिवालियापन की कार्यवाही शुरू हो गई थी। उनका दावा है कि उनके निवेश का पैसा बिजनेस में इस्तेमाल न होकर निजी खर्चों में उड़ा दिया गया। कोठारी की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

# केवल मुस्लिम समुदाय के लिए बनाए जा रहे आवासीय परिसर पर मचा बवाल

## मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई के निकट रायगढ़ जिले में एक ऐसा आवासीय परिसर बनाने का विज्ञापन दिया जा रहा है, जो सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए होगा। इस विज्ञापन पर कुछ स्थानीय संगठनों ने आपत्ति जताई ही है, केंद्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

### विज्ञापन में कही गई है यह बात

रायगढ़ के कर्जत क्षेत्र स्थित नेरल गांव के पास प्रस्तावित इस आवासीय परिसर के दृश्य-श्रव्य विज्ञापन में एक विशेष समुदाय में पहने जानेवाले वस्त्रों में यह कहती दिखाई दे रही है कि जब सोसायटी में अपनी फैमिली के लिए सिद्धांतों से समझौता करना पड़ता हो, तो क्या वह सही है। 'सुकून एम्पायर' में समान विचारों वाले परिवार एक साथ रह सकते हैं। यहां बच्चे बिल्कुल हलाल वातावरण में पल-बढ़ सकते हैं। ये निवेश सिर्फ आपके पैसों को नहीं, बल्कि आपके परिवार के भविष्य को भी सुरक्षित रखेगा। इस विज्ञापन पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने कहा है कि हम महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी करके यह पूछ रहे हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज के महाराष्ट्र में क्या मुसलमानों के लिए अलग बस्ती बसाने की अनुमति उसने प्रदान की है।

### कानूनगो ने उठाए सवाल

कानूनगो कहते हैं कि मामला केवल अलग टाउनशिप बनाने का नहीं है। ये विज्ञापन इस तरीके से किया जा रहा है कि मुसलमानों को असहिष्णुता का सामना करना पड़ रहा है, और मुसलमान खुद को सुरक्षित करने के लिए अलग जगहों पर जाना चाहते हैं। ये 'नेशन विद इन द नेशन' (राष्ट्र के अंदर एक और राष्ट्र) के सिद्धांत जैसा है। हम एक बार इसी कारण से देश के टुकड़े बर्दाश्त कर चुके हैं। ये दुबारा नहीं होने दिया जाएगा।

### कल कहोगे हमें डॉक्टर्स मुसलमान चाहिए- प्रियांक कानूनगो

प्रियांक कानूनगो कहते हैं कि आज वह लोग अलग बस्ती की बात कर रहे हैं। कल कहोगे हमें डॉक्टर्स मुसलमान चाहिए। परसों कहोगे हमको पुलिस मुसलमान चाहिए। फिर कहोगे हमको बस ड्राइवर मुसलमान चाहिए। ऐसे कर करके एक दिन कहोगे की हमको महाराष्ट्र में एक राज्य अलग चाहिए। ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत संविधान के अनुसार सेक्युलर सिद्धांतों पर चलनेवाला राष्ट्र है। इसलिए महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जहां ये आवासीय परिसर प्रस्तावित है, उसके आसपास रहनेवाले लोगों का भी कहना है कि नेरल ग्राम पंचायत के आसपास एक विशेष समुदाय के आवासीय परिसर का निर्माण करके वहां हिंदुओं की आबादी कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नेरल ग्राम पंचायत क्षेत्र में हिंदू अल्पसंख्यक होकर रह जाएंगे

इसके कारण नेरल में रहनेवाले हिंदुओं को अपने फ्लैट एवं घर बाजार भाव से काफी कम कीमतों पर बेचकर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। अन्यथा इस क्षेत्र में हिंदू अल्पसंख्यक होकर रह जाएंगे। लोगों का कहना है कि यहां जो चल रहा है, उसके कारण नेरल मिनी पाकिस्तान होने की राह पर चल पड़ा है।

**हिंदू अपने फ्लैट और घर कम कीमतों पर बेचकर पलायन करने को मजबूर** : आसपास रहने वाले लोगों का भी कहना है कि नेरल ग्राम पंचायत के आसपास एक विशेष समुदाय के लिए आवासीय परिसर का निर्माण कर वहां हिंदुओं की आबादी कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कारण नेरल में रहने वाले हिंदुओं को अपने फ्लैट एवं घर बाजार भाव से काफी कम कीमतों पर बेचकर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। अन्यथा इस क्षेत्र में हिंदू अल्पसंख्यक होकर रह जाएंगे। लोगों का कहना है कि यहां जो चल रहा है, उसके कारण नेरल मिनी पाकिस्तान होने की राह पर चल पड़ा है।

# पुलिस थाने के अंदर पुलिसकर्मियों पर हमला

## पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




महाराष्ट्र में एक थाने के अंदर पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यहां एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी उपनगर कांदिवली के समता नगर थाने में मंगलवार रात हुई इस घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यातायात कांस्टेबल ने आरोपी अजय रमेश बामने को नशे में वाहन चलाने के आरोप में रोका और उसे तथा उसके साथ कार में सवार तीन अन्य लोगों को थाने ले आए। उन्होंने बताया कि बामने ने कथित तौर पर यातायात कांस्टेबल के साथ गाली-गलौज की और उसके दो दोस्त भी थाने पहुंच गए। अधिकारी ने बताया कि समता नगर पुलिस के अधिकारियों द्वारा इसका विरोध किए जाने पर पांचों आरोपियों ने कथित रूप से उनके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया और अजय बामने तथा गणेश बामने को गिरफ्तार कर लिया।

# मालाड में पटाखे की दुकान में लगी आग

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

मालाड पश्चिम में पुलिस स्टेशन के पीछे उंद्राई मार्ग पर एक पटाखे की दुकान में भीषण आग लगने की घटना घटी। मनपा आपत्ति विभाग की जानकारी के अनुसार आग फटाकों की दुकानों में लगी थी जो काफी फैल गई। खबर लिखे जाने तक आग को बुझाने का काम दमकल विभाग द्वारा किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम 7:04 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई।

### आस पास की कई दुकानें जलकर खाक

रात 7:27 बजे इस घटना को लेवल-1 आग घोषित किया गया। सूत्रों के मुताबिक आग उंद्राई मार्ग पर स्थित चॉल में फटाकों की दुकानों तक ही सीमित नहीं रहते हुए आस पास की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया था। इस घटना में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं।

# बारामती पावर शिफ्ट! मेडिकल कॉलेज से सुप्रिया सुले बाहर

## सुनेत्रा पवार बनीं विजिटर्स बोर्ड की अध्यक्ष

**हिंदमाता नेटवर्क @ बारामती**



बारामती की राजनीति में बड़ा उलटफेर सामने आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले को पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सरकारी मेडिकल कॉलेज और जनरल अस्पताल, बारामती के विजिटर्स बोर्ड से बाहर कर दिया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और एनसीपी (अजित पवार गुट) की राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को बोर्ड की नई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय ने लिया है, जिसका कार्यभार एनसीपी नेता हसन मुश्रीफ के पास है। सूत्रों का कहना है कि यह फैसला न केवल प्रशासनिक बदलाव है बल्कि सीधे तौर पर बारामती की राजनीति में शक्ति संतुलन को भी दशार्ता है। गौरतलब है कि 30 जनवरी 2010 को जारी सरकारी आदेश के मुताबिक, राज्य और ग्रेटर मुंबई के अलावा बाकी सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों के लिए विजिटर्स बोर्ड का पुनर्गठन किया जाना था। उसी प्रावधान के तहत इस बारामती कॉलेज के बोर्ड को भी नया रूप दिया गया है।

### नया विजिटर्स बोर्ड इस प्रकार है :

अध्यक्ष : सुनेत्रा अजीत पवार, सदस्य : ज्योति नवनाथ बल्लाल, डॉ. कीर्ति सतीश पवार, डॉ. सचिन कोकणे, एडवोकेट श्रीनिवास वाइकर, डॉ. दिलीप लोंढे, अविनाश गोफाने और बिरजू मंधारे।

### इस नियुक्ति के बाद कुल 9 सदस्यीय बोर्ड गठित हुआ है।

बारामती में यह कॉलेज और अस्पताल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से महत्वपूर्ण है बल्कि राजनीतिक तौर पर भी बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में सुप्रिया सुले को हटाकर सुनेत्रा पवार को अध्यक्ष बनाना भविष्य की पवार फैमिली पॉलिटिक्स का साफ संकेत माना जा रहा है।

# महाराष्ट्र सरकार सुनिश्चित करेगी कि आरक्षण को लेकर समुदायों के बीच कोई संघर्ष न हो : बावनकुले

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आरक्षण के मुद्दे पर समुदायों के बीच कोई संघर्ष न हो। बावनकुले का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद मराठा आरक्षण पर राज्य सरकार द्वारा कुछ कदम उठाए गए हैं। जरांगे ने सरकार द्वारा उनकी अधिकांश मागों को माने जाने के बाद मंगलवार को मुंबई में अपना पांच-दिवसीय विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। उनकी मांगों में पात्र मराठाओं को कुनबी जाति का प्रमाण पत्र प्रदान करना भी शामिल है, जिससे वे ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण लाभ के पात्र हो जाएंगे। कुनबी एक पारंपरिक कृषक समुदाय है जो महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी में शामिल है, लेकिन ओबीसी समुदाय मराठों को इस श्रेणी में शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल सहित ओबीसी समुदाय के कई नेताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए दावा किया है कि इस कदम से ओबीसी वर्ग के हितों को नुकसान पहुंचेगा।

बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से सतर्क है। ओबीसी समुदाय की चिंताओं पर विचार करने और मराठों व ओबीसी दोनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की खातिर दो समितियां गठित की गई हैं। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि समुदायों के बीच कोई संघर्ष न हो। उन्होंने सूचित किया, कि सरकार ने निर्णय लिया है कि मराठों को पुराने रिकॉर्ड के आधार पर ओबीसी प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सहायता प्रदान की जाएगी। विदर्भ और मराठवाड़ा में, हैदराबाद राजपत्र में प्रविष्टियों की जांच की जाएगी ताकि पात्र व्यक्तियों को प्रमाणपत्र मिल सके।

# रविवार को पश्चिम रेलवे पर 5 घंटे का जंबो मेगा ब्लॉक

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

रविवार को लगने वाले मेगा ब्लॉक के कारण रेल सेवाएं काफी हद तक बाधित रहेंगी। पश्चिम रेलवे पर सांताक्रूज और गोरेगांव स्टेशनों के बीच पाँच घंटे का जंबो ब्लॉक घोषित किया गया है।



### भीड़भाड़ और यात्रियों को असुविधा होने की संभावना

इस पांच घंटे के जंबो ब्लॉक के दौरान, पश्चिम रेलवे लाइन पर सभी तेज गति वाली ट्रेनों को गोरेगांव और सांताक्रूज के बीच धीमी गति वाले मार्ग पर चलाया जाएगा। इसके अलावा, कई उपनगरीय ट्रेनें रद्द होने की संभावना है। इससे भीड़भाड़ और यात्रियों को असुविधा होने की संभावना है।

### पांच घंटे के ब्लॉक में कई काम

यह ब्लॉक 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अप और डाउन दोनों तेज लाइनों पर रहेगा। इस पांच घंटे के ब्लॉक में कई काम किए जाएंगे।

### ट्रैक, ओवरहेड उपकरण और सिग्नल रखरखाव

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि महत्वपूर्ण ट्रैक, ओवरहेड उपकरण और सिग्नल रखरखाव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे यह ब्लॉक इसलिए ले रहे हैं क्योंकि ये कार्य लोकल ट्रेनों और रेलवे के सुरक्षित नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि लोगों को असुविधा हो रही है, लेकिन यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए यह ब्लॉक आवश्यक है।

### तेज ट्रेनों को धीमी ट्रेनों में बदल दिया जाएगा

7 सितंबर को सांताक्रूज और गोरेगांव के बीच पांच घंटे के ब्लॉक के दौरान, तेज ट्रेनों को धीमी ट्रेनों में बदल दिया जाएगा। इससे यात्रियों को यात्रा में अधिक समय लग सकता है। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाने की सलाह दी है। 7 सितंबर को सांताक्रूज और गोरेगांव के बीच पांच घंटे के ब्लॉक के दौरान, तेज ट्रेनों को धीमी ट्रेनों में बदल दिया जाएगा। इससे यात्रियों को यात्रा में अधिक समय लग सकता है।

**हिंदमाता एंकर:** महिला को कोर्ट ने दिए निर्देश, पांच वर्षीय पोते की अभिरक्षा बच्चे के जैविक माता-पिता को लौटा दे

# दादी का पोते के साथ रिश्ता उसे बच्चे की अभिरक्षा का अधिकार नहीं देता : बंबई उच्च न्यायालय

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



बंबई उच्च न्यायालय का कहना है कि दादी का पोते के साथ रिश्ता उसे माता-पिता की अपेक्षा बच्चे की अभिरक्षा का अधिकार नहीं देता है। अदालत ने एक मामले में यह टिप्पणी करते हुए एक महिला को निर्देश दिया है कि वह अपने पांच वर्षीय पोते की अभिरक्षा बच्चे के जैविक माता-पिता को लौटा दे। बच्चा अपनी दादी की देखभाल में था, क्योंकि बच्चे के माता-पिता को मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित उसके जुड़वां भाई की देखभाल करनी थी। हालांकि, संपत्ति को लेकर विवाद के कारण बच्चे के पिता ने अपनी 74 वर्षीय मां से बच्चे की अभिरक्षा (कस्टडी) सौंपने को कहा। लेकिन, जब महिला ने बच्चे की अभिरक्षा सौंपने से इनकार कर दिया तो उसके पिता ने उच्च न्यायालय का रुख किया। बच्चे की दादी ने इस याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि वह जन्म से ही बच्चे की देखभाल कर रही हैं और उनके बीच भावनात्मक रिश्ता है।

■ न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने गुरुवार को कहा कि दादी का बच्चे के साथ भावनात्मक रिश्ता हो सकता है, लेकिन इस तरह का लगाव उसे जैविक माता-पिता की तुलना में बच्चे की देखभाल का अधिकार नहीं देता है। अदालत ने कहा कि बच्चे पर जैविक माता-पिता के अधिकारों को केवल तभी सीमित किया जा सकता है, जब यह साबित हो जाए कि उन्हें बच्चे की अभिरक्षा प्रदान करना बच्चे के कल्याण के लिए हानिकारक होगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि बच्चे के माता-पिता के बीच कोई वैवाहिक विवाद नहीं है, तथा पिता शहर के नगर निकाय में कार्यरत हैं और ऐसा कोई भी साक्ष्य नहीं है जिससे पता चले कि वे बच्चे की देखभाल करने में असमर्थ हैं।

■ अदालत ने कहा कि बच्चे को उसके माता-पिता और दादी के बीच विवाद के कारण उनकी देखभाल से वंचित नहीं किया जा सकता। संपत्ति संबंधी विवादों के कारण माता-पिता को उनके बच्चे की वैध अभिरक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को जैविक पिता और प्राकृतिक अभिभावक होने के नाते अपने बच्चे की अभिरक्षा का दावा करने का निर्विवाद कानूनी अधिकार है। अदालत ने दादी की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि याचिकाकर्ता और उसकी पत्नी भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़वा बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ हैं। हालांकि, अदालत ने माता-पिता को निर्देश दिया कि वे बच्चे की दादी को उससे मिलने की अनुमति दें।

# एक बंदर की मौत पर पूरे गांव ने कराया मुंडन

## धुले में दिखा अनोखा रिवाज

**हिंदमाता नेटवर्क @ धुले**



धुले जिले का अनोखा किस्सा सामने आया है। ज़िले के शिरपुर तालुके के बलदे गांव में चहेता बंदर की मौत होने से सदमे में पूरे गांव ने मुंडन किया और दशक्रिया संस्कार में भाग लिया। चहेते बंदर की मौत आवारा कुत्तों के हमले में गई थी। गांव में सालों से पल-बढ़ रहा एक बंदर लोगों का चहेता बन चुका था। बच्चे उसके साथ खेलते, बुजुर्ग उसे प्रसाद खिलाते और हर घर से उसका रिश्ता जुड़ा हुआ था, लेकिन कुछ दिन पहले आवारा कुत्तों ने उस बंदर पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई।

### गांव में पसरा मातम, इंसानों जैसे संस्कार

बंदर की मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। लोगों ने कहा कि ये सिर्फ जानवर नहीं, हमारा परिवार था। इसके बाद पूरे ग्रामीणों ने सभी वही रीति रिवाज दोहराए जो इंसान की मौत पर किए जाते हैं। पूरे गांववासियों ने मुंडन कराया। पिंडदान किया और दशक्रिया अनुष्ठान में भाग लिया। गांव के हनुमान मंदिर में पूरे गांव ने इकट्ठा होकर बंदर को श्रद्धांजलि दी और उसकी तस्वीर पर फूल चढ़ाए।

### जानवरों के प्रति प्रेम की मिसाल

बलदे गांव की ये घटना दिखाती है कि इंसानों के साथ-साथ जानवरों के लिए भी ग्रामीणों के दिल में करुणा, सम्मान और गहरा लगाव है। जहां अक्सर आवारा जानवरों से लोग दूरी बनाते हैं, वहीं बलदे गांव ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि प्यार और दया सिर्फ इंसानों के लिए नहीं, बल्कि हर जीव के लिए है। यह घटना अब पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर लोग बलदे गांव की तारीफ करते हुए इसे 'मानवता की असली मिसाल' बता रहे हैं।

## विचार प्रवाह



आत्मविश्वास खुद को चुनौती देने और कड़ी मेहनत करने से ही आता है। हमें हमेशा अपने आप को बेहतर बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

– नरेंद्र मोदी

## संपादकीय

# सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन से मिलेगी राहत

*जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पंसेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है। वहीं कहा जा रहा है कि असंगठित क्षेत्र को जीएसटी कटौती दर का लाभ नहीं मिलेगा। अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। निस्संदेह यह सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। लेकिन यह कितना लाभ आम आदमी को पहुंचाएगा, इस बात पर निर्भर करेगा कि सुधार को कितनी निरंतरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है।*

## आज का इतिहास




- 1776 - ग्वाडेलोप द्वीप में तूफान से छह हजार से अधिक लोगों की मौत।
- 1869 - पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे।
- 1905 - अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरूआत हुई।
- 1914 - फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारंभ।
- 1924 - इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल।
- 1939-दक्षिण अफ्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की।
- 1948 - जुलियाना नीदरलैंड की महारानी बनीं।
- 1952 - कनाडा टी.वी. की मॉन्ट्रियल में शुरूआत।
- 1965- ताशकंद समझौता (भारत-पाकिस्तान युद्ध) हुआ।
- 1968 - अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1986 - इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए।
- 1998 - जापान के फि ल्म निमार्ता और निर्देशक 'अकिरा कुरोसावा' का निधन।
- 2000 - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन का शुभारंभ।
- 2003 - फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री महमूद अब्बास का इस्तीफा।
- 2006 - मैक्सिको के सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के फेलिप काल्देरोन नये राष्ट्रपति मनोनीत किये गए।
- 2007 - ब्रिटेन की 'द ह्यूमन फर्टिलाइजेशन एंड एम्ब्रियोलॉजी अथॉरिटी' ने मानव पशु संकर भ्रूण पर शोध करने के लिए सिद्धांत रूप से अनुमति दी।
- 2008- डी. सुब्बाराव ने भारतीय रिजर्व बैंक के गर्वनर का कार्यभार संभाला।
- 2009- चीनी सेना ने लद्दाख में डेढ़ कि.मी. तक घुसपैठ की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बरार का निधन हो गया।
- 2012 - अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए बराक ओबामा डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार बने।
- 1838 - दलीप सिंह - पंजाब के महाराज रणजीत सिंह के सबसे छोटे पुत्र थे।
- 1929 - यश जौहर - भारतीय फिल्म निमार्ता थे।
- 1937 - एम. ओ. एच. फारूक-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1971 - देवांग गांधी - भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं।
- 1997 - लवप्रीत सिंह - भारतीय भारोत्तोलक (वेटलिफ़्टर) हैं।
- 2009 - हरचरण सिंह बराड़ - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ तथा पंजाब के मुख्यमंत्री थे।
- 2005 - मेजर धनसिंह थापा - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक।
- 1968 - इंदिरा राजे - बड़ौदा की राजकुमारी थीं।
- 1972 - अलाउद्दीन खां - सरोद वादक और संगीत के 'मैहर घराने' की नींव रखने वाले कलाकार थे।

# लगता है भारत-रूस को हमने चीन के हाथों खो दिया

## टैरिफ वॉर के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान



*हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली*

**चीन** में SCO मीटिंग और विक्ट्री डे परेड की बैठक के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान जारी कर अफसोस जताया है। ट्रंप ने अपने सोशल नेटवर्किंग ऐप ट्रूथ पर लिखा- चीन के चलते हमने व्लादिमीर पुतिन (रूस) और नरेंद्र मोदी (भारत) जैसे दोस्त खो दिए। सवाल उठ रहा है कि रूस और भारत के खिलाफ लगातार हमलावर ट्रंप ने आखिर यह बयान क्यों दिया है?

### पहले भारत वाला एंगल समझिए

- अमेरिका और भारत के बीच सालों पुरानी दोस्ती है। दक्षिण एशिया में भारत एकमात्र देश है, जो चीन के खिलाफ मजबूती से मुखर रहता है। भारत की आबादी चीन से ज्यादा है। चीन की तरह भारत भी परमाणु संपन्न देश है। ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दोस्ती को और ज्यादा प्रगाढ़ किया।
- इसका नतीजा यह था कि 2019 और 2020 में ट्रंप-मोदी ने अमेरिका और भारत में एक-एक संयुक्त रैली की। जनवरी 2025 में जब अमेरिका में उथल-पुथल का दौर मचा था तो भारत एकमात्र ऐसा देश था, जिसके 80 प्रतिशत लोग ट्रंप के फेवर में थे। यूरोपीय विदेश विभाग से जुड़े एक सर्वे में कहा गया था कि 80 प्रतिशत भारतीय चाहते हैं कि ट्रंप राष्ट्रपति बने।
- लेकिन पिछले कुछ महीने में दोनों देशों के रिश्ते खराब हो गए। रूस से तेल खरीदने के आरोप में अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया। इतना ही नहीं, ट्रंप और उनके सलाहकार लगातार भारत के खिलाफ टिप्पणी करते रहे। एक्सियोस के मुताबिक ट्रंप की मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अमेरिका) टीम की वजह से भारत से अमेरिका के रिश्ते खराब हो गए हैं।
- वहीं अमेरिका से रिश्ते खराब होने के बाद भारत और चीन के बीच जिस गति से रिश्तों में सुधार हुआ है, उसने अमेरिका की टेंशन बढ़ा दी है। जर्मनी की एक पत्रिका ने हाल ही में दावा किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति की तमाम कोशिशों के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री ने टैरिफ पर बात करने से इनकार कर दिया।

### अब पुतिन की कहानी समझिए

- डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनते ही रूस से रिश्ते ठीक करने में जुट गए, लेकिन ट्रंप को अभी कोई बड़ी सफलता नहीं मिल पाई। ट्रंप टीम का कहना है कि रूस और चीन जैसे दो सुपरपावर का एक साथ आना अमेरिका के लिए खतरनाक है। एक तरफ जहां इससे दोनों के सामरिक महत्व बढ़ेंगे वहीं दोनों की बाजार में भी तेजी आएगी।
- पुतिन और जिनपिंग ने जिस तरीके से बीजिंग में उत्तर कोरिया और ईरान के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। अमेरिका उससे भी टेंशन में है। पहली बार चीन और रूस ने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन पर परमाणु निशस्त्रीकरण पर कोई बात नहीं है।
- इससे कोरियाई द्वीप में अमेरिका को झटका लगा है। ट्रंप ने हाल ही में परमाणु हथियार खत्म करने को लेकर किम से मुलाकात की बात कही थी। अब पुतिन और जिनपिंग ने जिस तरीके से किम को बूस्टर दे दिया है। उससे अब अमेरिका की बात किम मानेंगे, वो नहीं लगता है।
- पुतिन मध्य पूर्व में ईरान के जरिए भी खेल कर रहे हैं। ईरान ने हिजबुल्लाह और हूती जैसे प्रॉक्सी संगठनों को फिर से पैसा देना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं ईरान यूरेनियम संवर्धन का काम भी कर रहा है। पुतिन के विरोधी खेमे में होने की वजह से अब दुनिया में जितने भी अमेरिकी विरोधी देश है, वो एक मंच पर धीरे-धीरे या तो आ गए हैं या आ रहे हैं। यही वजह है कि ट्रंप अब अपनी गलती सुधारना चाहते हैं। इसलिए ट्रंप सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अफसोस जता रहे हैं। पश्चाताप कर रहे हैं।

## आंखनदेखी



*दिल्ली में बाढ़ से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। यमुना बाजार में उफनती यमुना नदी के बाढ़ के पानी से घिरे एक इलाके में एक बंदर ओवरहेड तार पर चलता नजर आया।*

राष्ट्रीय पोषाहार सप्ताह

# 1-7 सितंबर तक क्यों मनाया जाता है राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

*हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली*



**हर साल** भारत में 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और पौष्टिक आहार का जीवन में क्या महत्व है इसके बारे में जानकारी देना है। दरअसल, भारत जैसे विकासशील देश में आज भी लोगों को खाना तो खा रहे हैं, लेकिन खाने में कौन पोषक तत्व कितनी मात्रा में होना चाहिए, इसकी जानकारी का अभाव है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आम लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया जाता है, ताकि शरीर में पोषण की पूर्ति को बढ़ावा दिया जा सके और बीमारियों का खतरा कम किया जा सके। हर साल सितंबर के पहले सप्ताह में एक विशेष थीम पर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस खास मौके पर हम आपको बताने जा रहे हैं राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का इतिहास और थीम के बारे में।

### राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम

1982 के बाद हर साल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक खास थीम पर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह को मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की थीम 'सभी के लिए पौष्टिक आहार' है। इस थीम का मुख्य मकसद लोगों को पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले संतुलित और विविध आहार को बढ़ावा देने पर केंद्रित कराना है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के मौके पर सभी पाठकों से अनुरोध करते है कि वह अपने खाने में पोषक तत्वों की मात्रा को संतुलित करें और स्वस्थ जीवन जिएं।

### राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का इतिहास

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की शुरूआत मार्च 1973 में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका में अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन (अब एकेडमी ऑफ न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स) ने पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को संतुलित आहार के लाभों और खराब पोषण के जोखिमों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। लेकिन धीरे-धीरे राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह की बजाय महीने भर मनाया जाने लगा। हालांकि भारत में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने की शुरूआत 1982 में हुई। दरअसल, 1982 में भारत में कुपोषण के मामले काफी ज्यादा हो गए थे। कुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने, कुपोषण से निपटने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने के लिए भारत में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने की शुरूआत की गई। 1982 से लेकर अब तक हर साल 1 से 7 सितंबर के बीच राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के मौके पर देशभर में भारत सरकार द्वारा कई तरह के शिवर, हेल्थ कैंप्स और वेबिनार का आयोजन किया जाता है।

करंट

# आम इंसान से अलग क्यों चलता है अरबपतियों का दिमाग? न्यूरोलॉजिस्ट ने खोला राज



***क्या आपने*** कभी सोचा कि एलॉन मस्क जैसे अरबपति इतने सफल क्यों होते हैं। बिल गेट्स के पास इतना अपार धन और संसाधन कैसे आया। एक आम आदमी के पास भी 24 घंटे होते हैं और एक अरबपति के पास भी, लेकिन फर्क ये है कि अरबपति इन्हीं 24 घंटों में ऐसा क्या करते हैं कि वे कामयाब हो जाते हैं, जबकि आम आदमी अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में ही उलझा रहता है। सवाल यह है कि क्या उनका दिमाग सचमुच अलग ढंग से काम करता है? हाल ही में न्यूरोलॉजिस्ट और लिमिटलेस ब्रेन लैब की संस्थापक डॉ. स्वेता आदातिया ने राज शमानी के पॉडकास्ट में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। राज शमानी ने अपने पॉडकास्ट में यह सवाल उठाया, सोशल मिडिया पर यह क्लिप वायरल हो गई। आइए जानते हैं, इस बातचीत में क्या-क्या सामने आया।

### स्पार्क बनाता है कामयाब

कहते हैं कि किसी भी कामयाब इंसान में स्पार्क होना बेहद जरूरी है। डॉ. आदातिया के मुताबिक, किसी भी शख्स का दिमाग जेनेटिक्स (नेचर) और एनवायरनमेंट (नर्चर) से आकार लेता है। उनका कहना है कि जिनमें बचपन से चिंगारी होती है, वही आगे चलकर असाधारण बनते हैं। इसका मतलब है कि अरबपतियों की सोच को उनके जीन और बचपन का माहौल गढ़ता है, लेकिन यह अकेली वजह नहीं है ।उनकी सफलता का असली इंजन है पर्पस। अरबपति अपने लक्ष्य पर अटल रहते हैं।

### हार न मानने की क्षमता

डॉ. आदातिया कहती हैं कि अरबपति हार नहीं मानते। उनकी मेंटल स्ट्रेंथ (रेजिलिएन्स) और सहनशीलता (एन्ड्युरेन्स) उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। वह इमोशनल डिटैचमेंट को भी बेहद अहम मानती हैं। अरबपति अपने पर्पस को आउटकम में बदलने में माहिर होते हैं। यानी नतीजे उनकी मर्जी के मुताबिक नहीं भी आए तो भी वो निराश नहीं होते। साथ ही, वे संतुष्टि को सफलता का सबसे बड़ा दुश्मन मानते हैं। डॉ. आदातिया के मुताबिक, जब आप सैटिस्फाइड हो जाते हैं, तो ग्रोथ रुक जाती है।

### रिसर्च से मिली पुष्टि

साइकोलॉजी टुडे में छपी एक रिसर्च बताती है कि ड्यूक यूनिवर्सिटी के रिसर्चर जॉनाथन वाई ने अरबपतियों के दिमाग का अध्ययन किया। नतीजे चौंकाने वाले थे। लगभग 45% अरबपतियों की मानसिक क्षमता इतनी तेज पाई गई कि वे दुनिया के सबसे टॉप 1% लोगों में आते हैं। रिपोर्ट ये भी कहती है कि यह प्रतिशत अमेरिकन सीनेटरों (41%) और फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ (38 l6%) से भी ज्यादा है। आसान शब्दों में कहें तो अरबपतियों की सोचने-समझने की क्षमता औसतन नेताओं और बड़ी कंपनियों के सीईओ से भी ऊंचे स्तर पर होती है।

## साइंस न्यूज

# लगभग हर दिन आपदा का सामना कर रहा हिमालय

## ▶▶ बढ़ता जा रहा बर्बादी का सिलसिला

*हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली*



**हिमालय** की ऊंची चोटियां और हरी-भरी घाटियां हमेशा से प्रकृति का अद्भुत नजारा रही हैं। लेकिन आजकल यह इलाका हर रोज आपदाओं का शिकार हो रहा है। भूस्खलन, बादल फटना, आकस्मिक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) जैसी घटनाएं हिमालय को बर्बाद करने पर तुली हुई हैं। खासकर मॉनसून के मौसम में यह तबाही और तेज हो जाती है। पश्चिमी हिमालय के राज्य जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। 2025 का यह मॉनसून सीजन तो रिकॉर्ड तोड़ रहा है।

### 2025 मॉनसून: बर्बादी का नया रेकॉर्ड

- इस साल मॉनसून समय से पहले आ गया और उसके साथ ही आपदाओं का दौर शुरू हो गया। जनवरी से अगस्त 2025 तक हिमालयी राज्यों में हर दिन कोई न कोई आपदा आ रही है। DTE के विश्लेषण के मुताबिक, 1 जनवरी से 18 अगस्त तक कम से कम 632 लोग मारे गए। लेकिन अब सितंबर में भी बारिश जारी है, तो यह संख्या और बढ़ सकती है।
- कुल मिलाकर, पूरे भारत में जून से सितंबर तक 743.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 6।1% ज्यादा है। उत्तर-पश्चिम भारत में अगस्त में 265 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई, जो 2001 के बाद सबसे ज्यादा है। भारतीय मौसम विभाग ने सितंबर के लिए 109% ज्यादा बारिश की चेतावनी दी है।
- हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा तबाही हुई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, 20 जून से अब तक 340 लोग मारे गए – इसमें 182 की मौत बारिश-संबंधी घटनाओं जैसे भूस्खलन, फ्लैश फ्लड, बादल फटने और डूबने से हुई, जबकि 158 सड़क हादसों में।
- उत्तराखंड में कम से कम 145 मौतें हुईं, जम्मू-कश्मीर में 122 और पंजाब में 29। कुल नुकसान 20,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का अनुमान है। सड़कें, बिजली, पानी की आपूर्ति सब बाधित हो गई है। हिमाचल में 1,334 सड़कें बंद हैं, जिसमें 4 राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं। मंडी जिले में 281 सड़कें अवरुद्ध हैं।

### आपदाओं के पीछे की मुख्य वजहें




हिमालय की त्रासदी की कई वजहें हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियां सबसे बड़ी हैं। पहले जहां ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में कम बारिश होती थी, वहां अब लगातार भारी बारिश हो रही है। ग्लेशियरों के पास मलबा (हिमोढ़ या मोरैन) जमा होता है। जब बारिश से यह मलबा गीला हो जाता है, तो जल संतृप्तता (सेचुरेशन) हो जाती है। इससे पानी तेज धारा बनकर संकरी घाटियों में बहता है। भूस्खलन शुरू होता है। यह चेन रिएक्शन फ्लैश फ्लड में बदल जाता है।

***उत्तराखंड का धराली:*** 5 अगस्त 2025 को उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में फ्लैश फ्लड आया। प्रारंभिक जांच में मोरैन की वजह से ग्लेशियर झील फटने जैसी स्थिति बनी। 4 लोग मारे गए, 70+ लापता, 40-50 घर-होटल बह गए। सेना कैंप भी प्रभावित हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बचाव कार्य मुश्किल हो रहा है क्योंकि बारिश रुक नहीं रही।

***हिमाचल का मंडी:*** 28-29 जुलाई 2025 को मंडी शहर में बादल फटने से फ्लैश फ्लड आया। समुद्र तल से 3300 मीटर ऊंचाई पर शिकारी माता मंदिर के आसपास इतनी बारिश हुई कि कई गांव और बाजार बह गए। 3 लोग मारे गए। कुल 51 मौतें जुलाई में ही हुईं।

***अन्य घटनाएं:*** 14 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के किश्तवार में चाशोटी में बादल फटने से 44 लोग मारे गए, ज्यादातर तीर्थयात्री। 27 अगस्त को वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से 34 मौतें। पंजाब में 1,400 गांव डूबे, 3 लाख एकड़ फसल बर्बाद। क्लाउडबर्स्ट का ट्रेंड बढ़ रहा है, हालांकि IMD के मुताबिक बड़े क्लाउडबर्स्ट नहीं, लेकिन मिनी वाले ज्यादा हो रहे हैं।

***मानवीय वजहें भी कम नहीं:*** पहाड़ों पर बिना प्लानिंग के सड़कें, टनल, होटल बनाना, जंगलों की कटाई, कंक्रीट का ज्यादा इस्तेमाल – ये सब पहाड़ों को कमजोर कर रहा है। मुख्य सेंट्रल थ्रस्ट जोन (टेक्टॉनिक रूप से संवेदनशील) में बड़े प्रोजेक्ट धकेलना आपदा को न्योता दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट की कमिटी ने चेतावनी दी थी, लेकिन सुधार नहीं हुए।

### बचाव और रोकथाम के उपाय

इन आपदाओं से बचने के लिए तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। पहला, फ्लैश फ्लड के रास्तों की पहचान करें और उन इलाकों को खाली रखें। IMD की चेतावनियों पर अमल करें – जैसे रेड अलर्ट पर स्कूल बंद, यात्रा रोकें। सेना, NDRF, SDRF ने हजारों लोगों को बचाया है। 5000+ लोग रेस्क्यू हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने इंटर-मिनिस्टीरियल टीम भेजी है नुकसान का आकलन करने। लेकिन लंबे समय के लिए: पर्यावरण-अनुकूल विकास, जंगल बचाना, मौसम पूवार्नुमान को मजबूत करना जरूरी। स्थानीय लोग कहते हैं कि यह प्राकृतिक आपदा नहीं, मानव-निर्मित है।

### समय है जागने का

हिमालय हमारा प्राकृतिक खजाना है, लेकिन अगर हमने अभी नहीं सुधरा, तो यह बबार्दी और बढ़ेगी। जलवायु परिवर्तन और गलत विकास मॉडल से ये आपदाएं बढ़ रही हैं। सरकार, वैज्ञानिक और हम सबको मिलकर काम करना होगा। सतर्क रहें, चेतावनियों का पालन करें।

## प्रेरक प्रसंग

# समझदार तमाशेवाला



***एक समय*** कि बात है, किसी गांव में एक तमासे वाला रहता था। उसका नाम राम था। राम के पास एक शेर और एक बकरी थी। राम गांव-गांव घुम-घुम कर तमासे दिखाया करता था। गांव वाले और राजा के तरफ से जो उसे भी घन और अनाज मिलता उसे मिलता वह अपने नाव में रखकर अपने घर ले आता और उसी से उसका जीवन यापन हो रहा था। राम के पास काफी घन और अनाज इक्ठा हो रखी थी। वह अपने काम को करने में इतना माहिर था कि लोग उसे खुश होकर अच्छा ईनाम दिया करते थे। राम की नाव काफी पुरानी हो गयी थी। अब उसके नाव में एक बार में दो लोग ही नदी पार कर सकते थे, नदी में भी उन दिनों पानी लपालप भरा हुआ था। एक दिन राम किसी गांव से अपने घर लौट रहा था तो उसके पास एक शेर, एक बकरी और एक अनाज का गद्धर था जो वहां उसे उपहार के रूप में प्राप्त हुई थी।

- राम नदी किनारे पानी का धार देखकर सोचने लगा एक बार में दो ही लोग पार कर सकते है। वरना नाव डूब जाएगी यह सोचने लगा कि अब क्या करूं? यदि मैं पहले शेर को ले जाता हूं तो बकरी अनाज खा लेगी। यदि अनाज को पहले ले जाता हूं, तो मेरे पीठ फेरते ही शेर बकरी को खा लेगा। हां, बकरी को ले जाना ठीक होगा। इसे दूसरे किनारे छोड़कर फिर शेर को ले जाऊंगा। फिर शेर को वहां छोड़कर अरे रे रे फिर तो वहां भी शेर बकरी को खा लेगा।
- राम ने फिर कुछ सोचा और शेर को दूसरे किनारे छोड़ने के बाद वापस आते समय बकरी को अपने साथ ले आया। फिर बकरी को इस किनारे अकेला छोड़कर अनाज की गद्धर को अपने साथ ले गया। अनाज को शेर के पास छोड़कर बकरी को राम दूबारा इस किनारे से अपने साथ ले गया। इस प्रकार वह अपनी समझदारी से बिना किसी नुकसान के नदी पार कर ली और खुशी-खुशी अपने घर चल दिया। इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हम सोच समझकर यदि कोई काम करते है, तो हमें नुकसान नही होता इसलिए किसी काम को करने से पहले थोड़ा सोच विचार कर लना चाहिए।

# 9 सितंबर को बन रहा महासंयोग

● इन उपायों से खुलेगी किस्मत, बरसेगी दौलत

ज्योतिष




ज्योतिष और अंक ज्योतिष के अनुसार, 9 सितंबर, 2025 का दिन एक बहुत ही विशेष और शक्तिशाली दिन है। इस दिन बन रहा विशेष संयोग इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है। असल में 9 सितंबर, 2025 के दिन की तारीख, यानी 9/9/2025 का जोड़, 9+9+9=27 होता है। 27 को जोड़ने पर फिर 9 का अंक आता है। इसके अलावा, इस दिन की तारीख और दिन, दोनों का संयोजन इसे एक अत्यंत प्रभावशाली दिन बनाता है। यह दिन उन लोगों के लिए खास है जो अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। आइए जानते हैं कि इस दिन कौन से विशेष संयोग बन रहे हैं और कौन से उपाय करके आप अपनी किस्मत चमका सकते हैं?

### 9 सितंबर 2025 के विशेष संयोग

1. **अंक 9 का महत्व:** अंक ज्योतिष में 9 का अंक बहुत शक्तिशाली माना जाता है, क्योंकि यह मंगल ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। मंगल ऊर्जा, साहस और दृढ़ता का प्रतीक है।
2. **उत्तराभाद्रपद नक्षत्र:** इस दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा, जो शुभ और स्थिर कार्यों के लिए बहुत उत्तम माना जाता है। यह नक्षत्र ज्ञान और आध्यात्मिक उन्नति से जुड़ा है।
3. **मंगलवार का दिन:** मंगलवार का दिन भी मंगल ग्रह को समर्पित है। इसलिए, इस दिन इन दोनों का संयोग विशेष रूप से लाभकारी होगा।
4. **चंद्रमा मीन राशि में:** चंद्रमा इस दिन मीन राशि में रहेंगे, जो भावनाओं और कल्पनाशीलता का प्रतीक है। यह मन को शांत और एकाग्र करने में मदद करेगा।


इन सभी संयोगों के कारण, 9 सितंबर का दिन उन सभी कार्यों को शुरू करने के लिए शुभ है जिनमें आप सफलता, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा चाहते हैं।

### 9 सितंबरको करें ये उपाय

इस विशेष दिन का लाभ उठाने के लिए, आप कुछ सरल उपाय कर सकते हैं:



- **मंगलवार का व्रत:** अगर संभव हो तो इस दिन मंगलवार का व्रत रखें। हनुमान जी की पूजा करें और उन्हें सिंदूर और लाल फूल अर्पित करें।
- **गणेश जी की पूजा:** अंक 9 का संबंध गणेश जी से भी माना जाता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से आपके जीवन के सभी विघ्न दूर होंगे।
- **लाल रंग का प्रयोग:** इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनना शुभ रहेगा। लाल रंग ऊर्जा और साहस का प्रतीक है।
- **दान करें:** गरीबों और जरूरतमंदों को लाल रंग की वस्तुएं जैसे कपड़े, गुड़ या मसूर की दाल दान करें। यह दान आपके लिए शुभ फल लाएगा।
- **ध्यान और योग:** इस दिन ध्यान और योग करें। इससे आपका मन शांत होगा और आप अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा पाएंगे।




# गांवों में बढ़ा कैंसर का खतरा

कैंसर अब न सिर्फ शहरी बल्कि ग्रामीण भारत में भी तेजी से बढ़ रहा है और कई क्षेत्रों में यह शहरों से भी अधिक गंभीर रूप ले चुका है। 50 फीसदी से अधिक ग्रामीण इलाकों में प्रति एक लाख में औसत 93 पुरुष और 84 महिलाएं कैंसर से पीड़ित पाई गईं। जामा नेटवर्क ओपेन में प्रकाशित अध्ययन के तहत 2012 से 2019 के बीच दर्ज 7,08,223 नए कैंसर मामलों और 2,06,457 मौतों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन बताता है कि कुल मरीजों में लगभग 54 फीसदी महिलाएं थीं और रोगियों की औसत उम्र 56 वर्ष रही।

## हर लाख पर 93 पुरुष, 84 महिलाएं पीड़ित; कई जिलों में हालात गंभीर

**सीआईआर दरअसल किसी क्षेत्र में कैंसर के बोझ को समझने का सरल पैमाना**

कुल 43 कैंसर रजिस्ट्री में से 21 ऐसे क्षेत्र चुने गए जहां ग्रामीण आबादी 50% या उससे अधिक है। इन जिलों का औसत क्रूड इंसीडेंस रेट (सीआईआर) यानी हर एक लाख पर नए मामलों की संख्या पुरुषों में 93 और महिलाओं में 84 पाई गई। यह आंकड़े संपूर्ण ग्रामीण भारत का परिदृश्य नहीं दशार्ते बल्कि केवल उन्हीं क्षेत्रों का औसत हैं जहां रजिस्ट्री कवरेज मौजूद है। सीआईआर दरअसल किसी क्षेत्र में कैंसर के बोझ को समझने का सरल पैमाना है। उदाहरण के लिए यदि 10 लाख की आबादी वाले किसी क्षेत्र में एक साल में 1,000 नए मामले सामने आए तो सीआईआर 100 होगा। अध्ययन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधीन राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के 43 जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री (पीबीसीआर) के आंकड़ों पर आधारित है।

### यहां स्थिति और गंभीर


शोध के मुताबिक, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों के कई जिले सबसे गंभीर स्थिति में हैं। केरल के पथानामथिट्टा में ग्रामीण आबादी 89% है। यहां पुरुषों में सीआईआर 260.9 और महिलाओं में 209.4 प्रति लाख दर्ज हुआ, जो अधिकांश शहरी क्षेत्रों से भी ज्यादा है। अलप्पुझा, कोल्लम और तिरुवनंतपुरम जैसे जिले भी उच्च दर पर हैं। मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स में पुरुषों का सीआईआर 139.5 और महिलाओं का 84.6 है। असम का काछार जिला (81.8% आबादी) पुरुषों में सीआईआर 106.6 और महिलाओं में 96.5 दर्ज करता है। उत्तर भारत में वाराणसी (62.5% आबादी) में पुरुषों का सीआईआर 98.4 और महिलाओं का 89.3 पाया गया।

अजब-गजब

# समुद्र में डाइविंग करने गए लड़के ने किया प्रपोज

● बदल गई दोनों की जिंदगी!

हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई



**इंसान** जिससे प्यार करता है, उसको हमेशा खास महसूस करवाना चाहता है। इसके लिए लोग अलग-अलग तरीके चुनते हैं। मगर एक शख्स ने ऐसा तरीका खोजा कि लोग उसे देखकर हैरान हो गए। ये व्यक्ति अपनी प्रेमिका के साथ समुद्र में डाइविंग करने गया और फिर पानी के अंदर उसने कुछ ऐसा किया कि दोनों की जिंदगी बदल गई। दरअसल, उसने पानी के अंदर जाकर अपनी प्रेमिका को शादी के लिए प्रपोज कर दिया। कभी-कभी ज़िंदगी में ऐसे पल आते हैं जो किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं होते। रूस के एक युवा डाइवर ने अपनी प्रेमिका को ब्लैक सी की गहराइयों में ऐसा सरप्राइज दिया, जिसने उनके रिश्ते को नई मंज़िल पर पहुंचा दिया। यह वाकया न सिर्फ रोमांटिक था बल्कि अनोखा भी, क्योंकि शादी का प्रस्ताव पानी के अंदर गोताखोरी के दौरान हुआ। रूस के क्रास्नोयार्स्क के रहने वाले 21 वर्षीय दानील अपनी प्रेमिका नास्त्या के साथ क्राइमिया के केप तारखानकुट में गोताखोरी करने पहुंचे। यह दोनों का पहला डाइव था और उन्होंने सोचा भी नहीं था कि यह अनुभव उनकी ज़िंदगी की सबसे यादगार याद बन जाएगा।


### पानी के अंदर किया प्रपोज

नास्त्या समुद्र के नीचे चट्टानों और समुद्री तल को देख रही थीं, तभी उनकी नजर एक शैम्पेन की बोतल पर पड़ी जो चट्टानों के बीच फंसी हुई थी। वह उत्सुकता से उसे निकालने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन जैसे ही उन्होंने पीछे मुड़कर देखा, सामने का दृश्य देखकर दंग रह गईं। उनके सामने दानील तैर रहे थे और हाथ में एक खुला हुआ रिंग बॉक्स था। यह दृश्य देखकर नास्त्या का चेहरा खुशी और हैरानी से चमक उठा। भावुक पल में दानील ने धीरे-धीरे नास्त्या की उंगली में अंगूठी पहनाई। चारों ओर तैरते बुलबुले और समुद्र की नीरवता इस पल को और भी जादुई बना रही थी। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया और हाथों में हाथ डालकर तैरते हुए इस खास लम्हे को हमेशा के लिए अपनी यादों में कैद कर लिया।

### तीन साल का रिश्ता

दानील और नास्त्या पिछले तीन साल से रिश्ते में हैं और गर्मियों में काम करने के लिए अक्सर क्राइमिया जाते हैं। दोनों को समुद्र से खास लगाव है और यही कारण है कि वे भविष्य में समुद्र के किनारे बसने का सपना देखते हैं। आजकल कपल्स शादी के प्रस्ताव को लेकर नए-नए तरीकों को अपनाते दिख रहे हैं।

# हर सात में से एक व्यक्ति मानसिक रोगी



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी नई रिपोर्ट में खुलासा किया है कि वर्ष 2021 में दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा मानसिक बीमारियों से जूझ रहा था। आंकड़ों के अनुसार, दुनिया की सात में से एक आबादी यानी एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से प्रभावित थे। इनमें से दो-तिहाई मामले चिंता व अवसाद के थे। रिपोर्ट के अनुसार, मानसिक बीमारियों के कारण युवाओं पर गंभीर असर पड़ा है। आत्महत्या युवाओं में मौत का एक प्रमुख कारण है और यह विश्व स्तर पर हर 100 मौतों में से एक से अधिक के लिए जिम्मेदार है। चिंताजनक बात यह है कि हर आत्महत्या के पीछे लगभग 20 प्रयास किए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा, स्किजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियां भी तेजी से सामने आ रही हैं। अनुमान है कि हर 200 में एक वयस्क स्किजोफ्रेनिया और हर 150 में एक बाइपोलर डिसऑर्डर से प्रभावित है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्किजोफ्रेनिया सबसे बाधित करने वाली और समाज पर सबसे अधिक लागत डालने वाली बीमारी है। इसमें रोगी अक्सर भ्रम (हॉलुसिनेशन) और अव्यवस्थित सोच जैसी समस्याओं का सामना करते हैं।

### तो मानसिक स्वास्थ्य संकट और गहरा हो सकता है...

डब्ल्यूएचओ प्रमुख डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बदलना आज दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। हर सरकार की जिम्मेदारी है कि मानसिक स्वास्थ्य को विशेषाधिकार नहीं बल्कि एक बुनियादी अधिकार माना जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तुरंत निवेश, बेहतर सेवाएं और कानूनी सुधार नहीं किए गए, तो मानसिक स्वास्थ्य संकट और गहरा हो सकता है।

## राशिफल

**मेष-** आज बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। भौतिक सुख सुविधा वृद्धि होगी। विदेश यात्रा करने का शुभ अवसर प्राप्त होगा। किसी रुके हुए कार्य में सफलता मिलेगी।

**वृषभ-** आज कार्यक्षेत्र में अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अधिक भावुकता में कोई महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। अन्यथा लोग आपकी मजबूरी का फायदा उठा सकते हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन सकते हैं।

**मिथुन-** दिन की शुरूआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन योग बन रहे है। राजनीति में कोई विश्वास पात्र व्यक्ति धोखा दे सकता है। व्यापार में व्यर्थ भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क-** दिन की शुरूआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। व्यापार में समयबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्नति के साथ लाभ होगा। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे।

**सिंह-** नौकरी में पदोन्नति का शुभ समाचार मिलेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। व्यापार में जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। नौकरी तलाश रहे लोग सफल होंगे।

**कन्या-** नौकरी में उच्च अधिकारी से निकटता बढ़ेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से सहयोग और सानिध्य मिलेगा। आजीविका के लिए किया जा रहा प्रयास सफल होगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे।

**तुला-** आज किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। कार्यक्षेत्र में नई सहयोगी बनेंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में किसी परिजन का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अच्छा अधिकारी से घनिष्ठता बढ़ेगी।

**वृश्चिक-** आज दिन कुछ शुभ फलदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली बाधाएं कम होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की स्थिति होने से मन में प्रसन्नता बढ़ेगी। पराक्रम और बुद्धि विवेक से अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे।


**धनु-** आज दिन की शुरूआत तनाव एवं व्यर्थ भागदौड़ साथ होगी। प्रेम संबंधों में यदि कोई खतरा हो तो आज आप कोई जोखिम न ले। अन्यथा आपके साथ मारपीट होने के साथ हवालात की हवा खानी पड़ सकती है।

**मकर-** आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। किसी महत्वपूर्ण पद के मिलने से समाज में प्रभाव बढ़ेगा। संपत्ति संबंधी कार्य में अधिक परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। नवीन मकान के क्रय करने की संभावना रहेगी।

**कुंभ-** आज कार्य क्षेत्र में कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। अनावश्यक भागदौड़ बनी रहेगी। किसी सहयोगी से आकर मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिक जोखिम लेने से पहले।

**मीन-** संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। बौद्धिक कार्यों को करने वाले लोगों को उच्च सफलता और सम्मान मिलेगा। व्यापार में आय बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे।

# सेहत के लिए मीठा 'जहर' हैं चीनी से बनी ये चीजें



15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी रिफॉर्म का ऐलान किया था और अब जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी में सुधार किया है। आम आदमी से लेकर सेंसेक्स और यहां तक कि किसानों तक, सभी को खुश कर दिया है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म का सबसे बड़ा असर आपकी रोजमर्रा की जिंदगी पर दिखने वाला है। अभी तक टैक्स की 'सिन गुड्स' कैटेगरी में सिर्फ शराब और तंबाकू आते थे लेकिन अब पहली बार चीनी और उससे जुड़ी हुई ड्रिंक्स को भी इस कैटेगरी में रखा गया है। यानी कि इसका सीधा मतलब है कि अब कोल्ड ड्रिंक्स, फ्लेवर्ड सोडा, आइस्ड टी और एनर्जी ड्रिंक्स पर 18 प्रतिशत नहीं बल्कि 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगी। सिन गुड्स का मतलब उन प्रोडक्ट्स से है जिन्हें सेहत या समाज के लिए हानिकारक माना जाता है। इन पर सरकार अधिक टैक्स लगाती है ताकि लोग इनका इस्तेमाल कम करें और जो लोग इस्तेमाल कर रहे हैं, उनसे अधिक रेवेन्यू मिले।

### डायबिटीज की राजधानी है भारत

ये कदम ऐसे वक्त पर उठाया गया है जब भारत में काफी सारे लोग डायबिटीज और मोटापा जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं। भारत दुनिया की डायबिटीज का केपिटल है। क्ळटफद्वारा अप्रूव्ड एक लैसेंट स्टडी के मुताबिक, भारत की 11.4 प्रतिशत यानी करीब 10.1 करोड़ आबादी डायबिटीज से पीड़ित हैं, जबकि 15 ।3 प्रतिशत यानी 13 ।6 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह एक बहुत बड़ा संकट है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के मुताबिक, फ्री चीनी के सेवन को आदर्श रूप से 5% से कम (लगभग 25 ग्राम या 6 चम्मच प्रतिदिन) सीमित रखने की सलाह देता है। क्योंकि न्यूट्रिशन की नजर से लोगों को अपनी डाइट में चीनी लेने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।




### कोल्ड्रिंक और चीनी वाली ड्रिंक का असर

हर दिन एक बोतल कोला या एक कैन एनर्जी ड्रिंक जितनी शुगर आपके शरीर को देता है, उतनी आपके शरीर को पूरे दिन में भी नहीं चाहिए। ऐसे में सरकार का यह फैसला सिर्फ टैक्स सुधार नहीं, बल्कि सेहत बचाने की कोशिश भी है। नए जीएसटी स्लैब के मुताबिक, सेहत के लिए खराब वाली वस्तुओं पर 40% का स्पेशल स्लैब है। इसका मतलब है कि कोल्ड ड्रिंक्स, फ्लेवर्ड सोडा, आइस्ड टी, एनर्जी ड्रिंक्स ये सभी अब तंबाकू और शराब के साथ आधिकारिक तौर पर ठीक उसी लिस्ट में आ गए हैं, जहां अब तक तंबाकू और अल्कोहल थे।

### अब कुछ पॉपुलर ब्रांड्स की ड्रिंक्स में कितनी चीनी होती है, ये भी जान लीजिए



- कोल्ड ड्रिंक्स थम्सअप, कोका-कोला, स्प्राइट, फैंटा में प्रति 100 टछ में 10-15 ग्राम चीनी होती है।
- फ्रूटी और माजा जैसे जूस वाली ड्रिंक में प्रति 100 ML में 11-15 ग्राम चीनी होती है।
- रेड बुल में प्रति 100 ML, 11 ग्राम चीनी होती है।

### स्वीट ड्रिंक, कोला को बंद करना चाहिए पीना

अधिकतर मीठी ड्रिंक की कैन लगभग 200-300 मिलीलीटर की होती है। अब यदि आप रोजाना 1-2 कैन भी इन ड्रिंक्स की पीते हैं तो यानी करीब 250-300 ग्राम चीनी तो आप इन ड्रिंक्स से ही ले लेते हैं। इसके अलावा अन्य चीजों से चीनी लेंगे वो अलग। अब जो लोग सोच रहे हैं कि शराब छोड़ने का मतलब है कि वो सेहत की ओर अच्छा कदम उठा चुके हैं लेकिन ऐसा नहीं है। उन्हें चीनी वाली इन स्वीट ड्रिंक, कोला और अन्य मीठी ड्रिंक्स को भी पीना बंद कर देना चाहिए।

### ● चीनी का सेवन कैसे शरीर पर असर डालता है?

- यदि कोई जैसे ही एक घूंट कोला या चीनी वाली ड्रिंक की पीता है तो चीनी ब्लड स्ट्रीम में जाती है। फिर आपका पैंक्रियाज आपकी कोशिकाओं में चीनी पहुंचाने के लिए इंसुलिन भेजता है। लेकिन सभी चीनी एक समान नहीं होतीं। ग्लूकोज आपकी कोशिकाओं को एनर्जी देता है जबकि फ्रुक्टोज सीधे लिवर में जाता है, जहां वो फैट में बदल जाता है जिससे समय के साथ फैटी लिवर डिजीज होती है।
- फिर लगभग 20-40 मिनट बाद, आपको चीनी के कारण अचानक से एनर्जी महसूस होती है लेकिन थोड़ी देर बाद जब इंसुलिन ज्यादा बढ़ जाता है तो ब्लड शुगर गिर जाता है और आपको थकान, चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है और फिर आपको और चीनी की तलब लगती है।
- आपका शरीर इस एक्स्ट्रा चीनी को विसरल फैट के रूप में जमा करने लगता है और यही चर्बी डायबिटीज, हार्ट डिजीज और मोटापे का सबसे बड़ा कारण है। साथ ही यह दांतो को नुकसान पहुंचाती है, चीनी और एसिड मिलकर इनेमल को खत्म कर सकते हैं।
- फैट जमा होकर नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज का खतरा बढ़ाता है ।लगातार ज्यादा शुगर खाने से इंसुलिन रेसिस्टेंस हो जाता है, यानी शरीर इंसुलिन पर सही प्रतिक्रिया नहीं देता। यह स्थिति आगे चलकर टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण बनती है।

# स्मार्टफोन की लत: 13 साल से पहले फोन मिलने पर बिगड़ रही मानसिक सेहत

दुनियाभर के 1 लाख से ज्यादा लोगों पर किए गए एक बड़े अध्ययन ने खुलासा किया है कि जो बच्चे 13 साल से कम उम्र में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लगते हैं, उनकी मानसिक सेहत और भविष्य की भलाई पर गंभीर असर पड़ता है। जर्नल ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड कैपेबिलिटीज में प्रकाशित इस रिसर्च के मुताबिक, 18 से 24 साल की उम्र में पहुंच चुके वे युवा, जिन्हें बचपन में स्मार्टफोन मिला था, ज्यादा आक्रामकता, वास्तविकता से अलगाव, आत्महत्या के विचार और आत्मसम्मान की कमी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं।



### सोशल मीडिया और साइबरबुलिंग का असर

स्टडी में पाया गया कि यह खतरा शुरूआती उम्र में सोशल मीडिया एक्सपोजर, साइबरबुलिंग, खराब नींद और पारिवारिक रिश्तों में खटास से और बढ़ जाता है। इन कारणों से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होता है और बड़े होने पर उन्हें गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**विशेषज्ञों की चेतावनी:** सैपियन लैब्स की संस्थापक और न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. तारा थियागराजन ने कहा कि स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की समय से पहले पहुंच मानसिक स्वास्थ्य में गहरी गिरावट ला रही है। उन्होंने सरकारों से आग्रह किया है कि बच्चों को 13 साल से पहले स्मार्टफोन न दिए जाएं और इस पर वैसी ही पाबंदियां लगाई जाएं जैसी शराब और तंबाकू पर लागू होती हैं।

**दुनियाभर में उठाए जा रहे कदम:** हालांकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आधिकारिक तौर पर 13 साल की उम्र सीमा तय है, लेकिन इसका पालन सही तरीके से नहीं हो पाता। फ्रांस, इटली, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों ने स्कूलों में फोन पर पाबंदी लगाई है। अमेरिका के न्यूयॉर्क ने भी हाल ही में स्कूलों में स्मार्टफोन बैन का ऐलान किया है। रिसर्च टीम का कहना है कि बच्चों में फोन की जल्दी पहुंच न केवल नींद और रिश्तों को प्रभावित करती है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर लंबे समय तक नकारात्मक असर डालती है।

# धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का दूसरा मदरसा भी अवैध

**• सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस**

**हिंदमाता नेटवर्क @ बरेली**

बरेली में धर्म परिवर्तन गिरोह का दूसरा मदरसा भी जांच में अवैध निकला। पहले भुता के मदरसे का रिकॉर्ड नहीं मिला था, अब करेली के मदरसे का भी ऐसा ही हाल सामने आया है। पुलिस दोनों मदरसों की कमेटियों में शामिल सदस्यों की तलाश कर रही है। दस दिन पहले धर्मांतरण मामले में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने खुलासा कर चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। अलीगढ़ निवासी अखिलेश कुमारी ने इस मामले में भुता थाने में रिपोर्ट कराई थी। वहां के फैजनगर गांव के मदरसे से जुड़े मामले में उनके जन्मांध बेटे जीआईसी प्रवक्ता प्रभात उपाध्याय को दूसरी शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मदरसा संचालक ग्राम फैजनगर निवासी मुख्य आरोपी अब्दुल मजीद, सुभाषनगर के करेली निवासी सलमान, मोहम्मद आरिफ और सैदपुर चुन्नीलाल भोजीपुरा निवासी मोहम्मद फईम जेल भेजे गए थे। कुछ दिन पहले फैजनगर स्थित मजीद का मदरसा अल्पसंख्यक विभाग की जांच में अवैध पाया गया था। अब करेली के मदरसे का भी रिकॉर्ड नहीं मिला है। यह मदरसा आरिफ चलाता था। उसका सहयोगी करेली निवासी ब्रजपाल था, जो धर्म परिवर्तन कर चुका था।



### महमूद बेग को अब तक नहीं पकड़ सकी पुलिस

धर्मांतरण मामले के पांचवें आरोपी रहपुरा चौधरी गांव निवासी महमूद बेग को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस उसे वांछित बता रही है, वहीं उसकी पत्नी ने उसे पुलिस की हिरासत में होने का आरोप लगाकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की है। आरोप लगाया कि 20 अगस्त को सादा कपड़ों में आई पुलिस उनके पति को ले गई थी। उन्हें डर है कि पुलिस उनका एनकाउंटर न कर दे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जफीर अहमद व सलिल कुमार राय ने पुलिस अफसरों से इस संबंध में जानकारी मांगी है। एसएसपी को निर्देश आठ सितंबर को व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित होने और आरोपी को भी तलाश करके पेश करने का आदेश दिया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीम महमूद बेग की तलाश में जुटी हुई है।

### हाफिज आकिल को पुलिस ने छोड़ा

जमीयत उलमा के राष्ट्रीय सचिव नियाज अहमद फारुकी ने बताया कि बरेली से धर्मांतरण के मामले में महमूद बेग व हाफिज आकिल को हिरासत में लेने की जानकारी मिली थी। इन दोनों के परिजन उनके संगठन के अध्यक्ष महमूद मदनी से मिले थे। आरोप लगाया था कि एसओजी उनका एनकाउंटर कर सकती है। अध्यक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सीनियर वकील मुख्तार आलम से बात की। हाफिज आकिल के परिवार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने जांच कराई तो हाफिज आकिल निर्दोष मिले। बुधवार रात उन्हें पुलिस ने छोड़ दिया।

### जिले में 425 मदरसे वैध, बाकी बिना पंजीकरण

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से उन्होंने इस मामले में सत्यापन व अन्य रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने बताया कि जिले में 425 मदरसे ही वैध हैं। बाकी मदरसे बिना पंजीकरण के संचालित हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**• भाजपा विधायक केतकी सिंह पर बरस पड़े अखिलेश यादव**

# टोटी कांड अवनीश अवस्थी ने कराया, हम भूल सकते नहीं

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

यूपी में 2017 में योगी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री आवास से टोटी गायब होने का मामला सुर्खियां बना और भाजपा ने टोटी चोरी का आरोप लगाते हुए इसे बहुत बड़ा मुद्दा बनाया था। एक बार फिर इस मुद्दे को भाजपा विधायक केतकी सिंह ने उभारा तो अखिलेश यादव भी भाजपा पर बरस पड़े हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आईएएस अवनीश अवस्थी ने पूरा कांड कराया था। एक प्रतिष्ठित अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में इसका खुलासा हो चुका है। हम पर आरोप लगे कि हम टोटी लेकर गए हैं। हमारे घर को गंगा जल से धुलवाओगे। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह बात आप भूल सकते हो हम नहीं भूल सकते हैं।



### हम साजिश को भूल नहीं सकते

अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ के सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इसी दौरान केतकी सिंह के बयान और उसके बाद सपा छात्र सभा का उनके घर पर प्रदर्शन के मामले में सवाल के जवाब में अखिलेश ने कहा कि आईएएस अवनीश अवस्थी और एक दूसरे ओएसडी आईएएस कौशिक, जो भाग गया। इन लोगों ने पूरी साजिश की। यह बात हम भूलने वाले नहीं हैं। यह बात सरकार भी जान ले और सरकार चलाने वाले भी जान लें। सरकार बदलेगी तो इसका जवाब दिया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि आज भी उनकी विधायक मेरे बारे में यह बात क्यों कह रही हैं। सब लोग समझ रहे हैं।

### • ओवर स्पीड में अखिलेश के काफिले का आठ लाख रुपए का चालान काटा

अखिलेश यादव ने एक पेपर दिखाते हुए कहा कि उनकी गाड़ियों का ओवर स्पीड में 8 लाख का चालान कटा है। कहा कि कल ही मुझे अपने काफिले की गाड़ियों के चालान मिले। कागज को पलटकर भी नहीं देखा। सरकार ने चालान किया। उनके कैमरे में हमारी गाड़ी आई होगी। हमने कहा ठीक है। चालान मंजूर है। 8 लाख रुपए का चालान देना था, मैंने कहा दे दो। इसके साथ ही अखिलेश ने कहा कि इसके पीछे की कहानी होगी कि जो सिस्टम (कैमरा) चला रहा होगा, वो भाजपा का नेता होगा। मैं उसे ट्रेस करूंगा कि वो भाजपा का है या नहीं। जो जानबूझ कर हमारी गाड़ियों का चालान काट रहा। दरअसल, गाजीपुर का रहने वाला एक युवक अखिलेश के प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचा था। उसने शिकायत की कि लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में उसकी गाड़ी का बिना किसी कारण 20 हजार रुपए का चालान कर दिया गया। गाड़ी को भी सीज कर दिया गया। थाने से जब गाड़ी छुड़ाने गया तो उसके पार्ट्स गायब थे। इंजन ऑन किया तो वह सीज हो गया। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि जरूर मुख्यमंत्री के सजातीय लोग रहे होंगे। इसी के बाद अखिलेश ने अपनी गाड़ियों के चालान के बारे में बताया।

# अपराधियों ने युवक को मारी गोली, जख्मी युवक पहुंचा थाना

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

पटना से सटे मनेर में एक युवक को अपराधियों ने थाना के सामने गोली मारकर जख्मी कर दिया। घटना मनेर थाने के सामने हाईस्कूल की गली के पास की है। बदमाश ने एक युवक को सीने में गोली मारी है। जख्मी युवक गोली लगने के बाद भागकर थाना पहुंचा और पुलिस को गोली लगने की सूचना दी। आनन-फानन में पुलिस युवक को पुलिस गाड़ी में लेकर इलाज के लिए सदर थाना पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है। जख्मी युवक की पहचान हुलासी टोला निवासी जीतन यादव उर्फ नीतीश के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार को दोपहर 12 बजे के करीब की है। आस पास के लोगों के अनुसार मनेर हाई स्कूल गली की में दो युवक आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर तकरार हो गई। एक युवक ने पिस्टल से दूसरे युवक को गोली मार दी। इसके बाद अपराधी आराम से मोटरसाइकिल से भाग निकला। घटना को वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का फुटेज पुलिस को मिल गया है। वीडियो में एक युवक पिस्टल से गोली मारते हुए दिख रहा है। पुलिस को घटना स्थल से एक खोखा मिला है। अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# योगी सरकार के फैसले से हरदोई के तीन हजार कर्मचारियों में खुशी की लहर

**हिंदमाता नेटवर्क @ हरदोई**

राज्य सरकार की ओर से आउटसोर्स सेवा निगम के गठन का प्रस्ताव पास होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इससे जनपद के तीन हजार से अधिक आउट सोर्सिंग के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का उत्पीड़न रुकेगा। जनपद में बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, माध्यमिक विद्यालयों, नगर पालिका सहित लगभग सभी विभागों में कार्यदायी संस्था के माध्यम से कर्मचारी तैनात है। कार्यदायी संस्था के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का नियुक्ति से लेकर आर्थिक उत्पीड़न शुरू हो जाता है, जो सेवाकाल तक जारी रहता है। हर वर्ष नवीनीकरण और कार्य में शिथिलता के नाम पर उनको हटाए जाने का भय दिखाया जाता है।

### उत्पीड़न से मिलेगी मुक्ति



कार्यदायी संस्था का अनुबंध खत्म होने पर दूसरी संस्था पुराने कर्मचारियों को लेने पर आनाकानी करती है। इससे कई के सेवाएं समाप्त हो जाती है। वैसे तो कार्यदायी संस्था के माध्यम से संबंधित विभाग से तय मानदेय कर्मचारियों के खातों में स्थानांतरित किए जाने का प्राविधान हैं, मगर कार्यदायी संस्था संचालक प्रतिमाह दस से बीस प्रतिशत मानदेय पूर्व में ही ले लेते हैं, इसके बाद मानदेय स्थानांतरित करते हैं। साथ ही विभागीय कर्मचारी भी कार्यदायी संस्था से मिलकर जिस कर्मचारी को चाहते हैं, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्य न करने की शिकायत कर हटवा देते हैं। सरकार की ओर से आउटसोर्स सेवा निगम के गठन करने से विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग माध्यम कार्यरत कर्मचारियों को राहत मिलेंगी। उनको उत्पीड़न रुकेगा। आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के निर्णय से कार्मिकों का शोषण, न्यूनतम मानदेय मिलने, ईपीएफ व ईएसआइ की राशि समय से जमा कराने आदि का लाभ मिलेगा।

# यमुना ने वृंदावन में मचाया हाहाकार

**कॉलोनियां और सड़कें जलमग्न, बेघर हुए हजारों लोग; प्रशासन ने की अफवाहों से बचने की अपील**

**हिंदमाता नेटवर्क @ मथुरा**

इन दिनों वृंदावन में यमुना ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। यमुना के बढ़ते कदमों से लोग चिंतित हैं। तेज गति से पंख फैलाती यमुना नदी घाटों से निकलकर कॉलोनियों और



सड़कों पर नजर आ रही है। कई घाटों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर वहां पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कोई हादसा नहीं हो जाए। अब तक बाढ़ से प्रभावित दर्जनों कॉलोनियों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है। वहीं पशुओं को भी सुरक्षित आसरा दिया है। वृंदावन में यमुना के बढ़ते जलस्तर ने घाटों, कॉलोनियों और संकरी गलियों को जलमग्न कर दिया है। निचले इलाकों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। प्रशासन ने कई घाटों पर बैरिकेडिंग की है और पीएसी की तैनाती के साथ राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। पहले तो केसी घाट को बंद किया गया था, लेकिन अब देवराहा बाबा घाट को भी बंद कर दिया है।

जगन्नाथ घाट और कालिदह मार्ग में सड़कें यमुना के पानी से लबालब हो रही हैं। यहां भी प्रशासन ने बैरियर लगा दिए हैं। भक्ति विहार, घनश्याम वाटिका, श्रीजी वाटिका, टटिया स्थान की गोशाला, श्याम नगर, केशव नगर, अक्रूर धाम, मोहिनी नगर आदि क्षेत्रों के हालात खराब हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में नावों की मदद से यहां से लगभग 1500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। शहर के भीतर की सड़कों पर नावें चल रही हैं।

### रातभर जाग रहे लोग, आंखों में चिंता

यमुना के बढ़ते जलस्तर ने लोगों की नींद उड़ा दी है। कई परिवारों ने पूरी रात घर खाली करने की तैयारी में काटी। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें सुरक्षित केंद्रों में पहुंचाया गया है। पीने का पानी, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। वृंदावन को जोड़ने वाले कई आंतरिक मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं। बाढ़ राहत दल, नगर निगम कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं और पुलिस बल लगातार राहत कार्यों में लगे हुए हैं।

### प्रशासन की अपील-अफवाहों से बचें, सहयोग करें

जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कहा कि नागरिक धैर्य बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

# हिरासत में मौत के मामले में जेल जाने के साथ ही बर्खास्त होंगे दारोगा समेत दोषी पुलिसकर्मी

**• पुलिस जांच के बाद मानवाधिकार आयोग की टीम भी करेगी जांच**

**हिंदमाता नेटवर्क @ हरदोई**

कोतवाली शाहाबाद में पुलिस हिरासत में रवि की मौत का मामला कसता जा रहा है। इसकी चार स्तरीय जांच हो रही है। मुख्य आरोपी दारोगा और अन्य दोषी पुलिस कर्मियों को जेल भेजने के साथ उनकी बर्खास्तगी तक होगी। दूसरी तरफ जिस रवि के विरुद्ध जिस नाबालिग लड़की को लेकर एफआईआर दर्ज हुई थी, उसने मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान में रवि पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसके तीन परिजन को भी शामिल किया है। पुलिस का कहना है कि रवि की हिरासत में मौत की मजिस्ट्रेट जांच और क्राइम ब्रांच की विवेचना के साथ ही मानवाधिकार आयोग की टीम भी जांच करेगी, लेकिन लड़की नाबालिग थी। कोर्ट में दिए गए बयान में उसने जिस पर जो आरोप लगाए होंगे, उनके अनुसार कार्रवाई होगी।

### कोतवाली में ही लगा ली थी फांसी




कोतवाली क्षेत्र के अहमदनगर निवासी रामराज के पुत्र रवि पर गांव की ही एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने की दर्ज एफआईआर में उसे अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया था। कोतवाली में ही उसने फांसी लगाकर जान दे दी थी। हिरासत में मौत जैसे गंभीर मामले में दारोगा वरुण कुमार शुक्ला के साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों और पीड़िता के पिता के विरुद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें दारोगा फरार है, जो अज्ञात पुलिस कर्मी एफआईआर में शामिल हैं, उनकी सीसी टीवी कैमरों आदि से जानकारी ली जा रही है।

### दोषी दारोगा और पुलिस कर्मियों की होगी बर्खास्तगी

दूसरी तरफ रवि के विरुद्ध दर्ज मामले की विवेचना में लड़की के पुलिस ने कोर्ट में बयान कराए। सूत्रों के अनुसार लड़की ने रवि पर जबरदस्ती ले जाने के साथ ही अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं, साथ ही रवि के तीन परिजन पर उसे (लड़की) को जबरदस्ती रखने की बात कही है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पूरे प्रकरण में पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। दोषी दारोगा और पुलिस कर्मियों को जेल भेजने के साथ ही उनकी बर्खास्तगी भी होगी, लेकिन नाबालिग लड़की ने कोर्ट में जो बयान दिए होंगे, उन पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी, क्योंकि रवि की मौत हो चुकी है। तो उसके ऊपर बयान के आधार पर जो और भी मामला बनेगा विवेचना में वह खत्म हो जाएगा, अन्य लोगों पर क्या आरोप लगाए हैं, उसके अनुसार जांच कर कार्रवाई होगी।

# नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव ने हर्षिका से की शादी

**• 25 साल की सजा काट रहा दूल्हा**

**हिंदमाता नेटवर्क @ गाजियाबाद**



बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी और यूपी के पूर्व मंत्री डीपी यादव के बेटे विकास यादव ने पैरोल लेकर शादी कर ली है। विकास यादव ने गाजियाबाद के राजनगर निवासी हर्षिका यादव से विवाह रचाया। गौरतलब है कि विकास यादव वर्ष 2002 में हुए चर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड मामले में 25 साल की सजा काट रहा है। इस मामले ने देशभर में सुर्खियां बटोरी थीं। अब तक वह जेल में रहते हुए 23 साल से अधिक की सजा पूरी कर चुका है। विकास यादव की शादी की खबर सामने आते ही यह फिर चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि यह मामला लंबे समय तक मीडिया और अदालतों में बहस का केंद्र रहा था।

### क्या है नीतीश कटारा हत्यकांड?

यह मामला साल 2002 का है, जब नीतीश कटारा हत्याकांड का कथित तौर पर विकास यादव की बहन भारती यादव के साथ प्रेम प्रसंग था। इसी वजह से 16-17 फरवरी 2002 की रात नीतीश को एक शादी समारोह से अगवा किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। विकास यादव, विशाल यादव और सुखदेव यादव को इस सनसनीखेज हत्या में दोषी ठहराया गया था। गौरतलब है कि भारती यादव उत्तर प्रदेश के पूर्व कद्दावर नेता डीपी यादव की बेटी है।

## शॉर्ट स्टोरी

### जमानती अपराध में महिलाओं को 43 दिन जेल, एचसी नाराज

**हिंदमाता नेटवर्क @ जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जयपुर में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया है कि वे दो महिलाओं को जमानती अपराध के मामले में 43 दिनों तक जेल में रखने वाले जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ ही, कोर्ट ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को आदेश दिया कि वे इस मामले की जानकारी जिले के संरक्षक जज को दें। यह आदेश 27 अगस्त को न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन ने मीतू पारीक और इंदु वर्मा की दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। आदेश की प्रति गुरुवार को अपलोड की गई। 30 जुलाई को दर्ज एक उगाही की धमकी के मामले में हाईकोर्ट ने दोनों महिलाओं को जमानत दी थी और यह स्पष्टीकरण मांगा था कि जमानती अपराध होने के बावजूद जमानत क्यों नहीं दी गई? सुनवाई के दौरान, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त जिला जज (एडीजे) नंबर 6, महानगर द्वितीय ने अपना स्पष्टीकरण दिया, पर हाईकोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। न्यायमूर्ति उपमन ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों ने अपने स्पष्टीकरण में कहा कि मामले में गैर-जमानती अपराध के तत्व मौजूद थे, लेकिन जमानत खारिज करने के आदेश में इसका कोई उल्लेख नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि जमानत याचिकाओं का निपटारा यांत्रिक तरीके से किया गया।

### 400 फीट गहरी खाई में गिरी वैन, 6 मजदूरों की दर्दनाक मौत

**हिंदमाता नेटवर्क @ धनबाद**

धनबाद जिले में शुक्रवार को एक बड़ा कोयला खदान हादसा हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। बाघमारा के बीसीसीएल एरिया-4 के अंगारपथरा ओपी क्षेत्र में एक ओपन कास्ट परियोजना में मिट्टी धंसने (ओबी स्लाइड) के कारण मजदूरों से भरी एक सर्विस वैन लगभग 400 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि इस वाहन में आठ मजदूर सवार थे। चूंकि खदान में पानी भरा हुआ था, इसलिए मजदूरों के उसमें फंसने और डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बीसीसीएल प्रबंधन, बचाव दल और धनबाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। सुरक्षा विभाग की टीम ने रस्सियों की मदद से खाई में उतरकर बचाव अभियान शुरू किया। जेसीबी मशीनों से भी रास्ता बनाया जा रहा है ताकि और अधिक बचावकर्मी मौके पर पहुंच सकें। बीसीसीएल अधिकारियों ने बताया कि कुछ मजदूरों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया है, जबकि छह मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए खदान प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है।

### आलम ने आकाश बनकर लूटी आबरू, पीड़िता ने बताई आपबीती

**हिंदमाता नेटवर्क @ पीलीभीत**

पीलीभीत में एक युवक ने सोशल मीडिया पर नाम बदलकर युवती से दोस्ती की, फिर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद आरोपी एक साल तक युवती को ब्लैकमेल करता रहा। चार सितंबर को परिजन ने एक रेस्टोरेंट में युवती को युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी बहन की फेसबुक पर आकाश नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। बाद में पता चला कि आरोपी का असली नाम आलम उर्फ गुड्डू है, जो बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 48 बैरियर नंबर दो का रहने वाला है। आरोपी एक साल से युवती से मिलने पीलीभीत आता रहा। कई बार उसे शहर के एक रेस्टोरेंट में भी ले गया। ग्रामीण ने बताया कि चार सितंबर को उसकी बहन घर से कंप्यूटर सीखने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर रात तक लौटी नहीं।

# घर से दो महीने के बच्चे को छत पर उठा ले गए बंदर, मासूम को ड्रम में डुबोया

**• पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**हिंदमाता नेटवर्क @ सीतापुर**

यूपी के सीतापुर में बंदरों का आतंक फैला हुआ है। बंदरों का झुंड घरों में घुसकर जमकर उत्पात मचा रहे हैं। एक घर में बंदरों का झुंड घुस गया और घर के अंदर सो रहे दो महीने के बच्चे को उठाकर छत पर भाग गए। जब तक परिवार के लोगों को पता चलता तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बंदर छत पर रखे पानी के ड्रम में मासूम को लेकर गए और उसमें डुबो दिया। पानी में डूबने से मासूम की मौत हो गई। घर वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। घटना से क्षेत्र में मातम फैला हुआ है।



### मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का लिया जायजा

घटना मछरेहटा थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव की बताई जा रही है। गुरुवार की शाम को दो महीने के मासूम को घर के अंदर सुलाकर परिजन काम निपटाने चले गए। इसी दौरान बंदरों का झुंड घर में घुस गया। बच्चे को सोता देखकर बंदरों ने उसे उठा लिया और मासूम को बंदर छत पर ले गए। घर वालों ने मासूम की इधर-उधर तलाश शुरू की, लेकिन कहीं नजर नहीं आया। बच्चे की रोने की आवाज जब आई तो सभी छत पर भागे। लेकिन तब तक बंदरों ने बच्चे को ड्रम में भरने पानी में डुबो दिया था। आनन-फानन में घर वालों ने बच्चे को पानी से निकाला लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### बंदरों के आतंक से परेशान हैं ग्रामीण

बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव में बंदरों का आतंक फैला हुआ। घर खुला देखकर बंदर घुस जाते हैं और सामान बिखेर देते हैं। कई बार बंदर लोगों पर हमला भी कर देते हैं, जिसके चलते लोग घायल हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ।

**हिंदमाता एंकर** | हादसा डीडवाना-कुचामन सड़क मार्ग पर मौलासर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ, कार और बस में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई

# बीजेपी नेता के भाई की सगाई से पहले भीषण हादसा, 2 की मौत; 22 घायल

**हिंदमाता नेटवर्क @ नागौर**

**राजस्थान** के डीडवाना-कुचामन जिले में शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 लोग घायल हो गए, जिनमें से 6 की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक हादसा डीडवाना-कुचामन सड़क मार्ग पर मौलासर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। कार और बस में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हुई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग मदद को दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही मौलासर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भीषण सड़क हादसे में बस में सवार चन्दा देवी पत्नी सहीराम उम्र 28 निवासी अलखपुरा और कार सवार सेवानिवृत्त कैप्टन दीनाराम पुत्र सुखाराम उम्र 55 निवासी डीकावा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 22 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से मौलासर सीएचसी भिजवाया। जहां से सभी घायलों को कुचामन रेफर कर दिया।



**हादसे में इनकी गई जान**

भीषण सड़क हादसे में चन्दा देवी पत्नी सहीराम उम्र 28 निवासी अलखपुरा और दीनाराम पुत्र सुखाराम उम्र 55 निवासी डीकावा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को मौलासर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है।

### बीजेपी नेता के भाई की सगाई कार्यक्रम से पहले हादसा

बीजेपी के जिला पदाधिकारी रामा किशन खीचड़ के सगे भाई प्रेमा राम खीचड़ की सगाई के लिए परिवार के लोग तीन गाड़ियों में सवार होकर डिकावा से डाकीपुरा जा रहे थे। तभी एक कार और अजमेर से सुजानगढ़ आ रही बस में मौलासर बाईपास पर आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त कार में 6 लोग मौजूद थे। वहीं, 52 सीटर बस खचाखच भरी हुई है।

### कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे

हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर, एसडीएम, एसपी, एडिशनल एसपी, डिप्टी सहित मौलासर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह मय जाप्ता के मौके पर पहुंचे। घायलों को डीडवाना कुचामन के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस और कार को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया।



### • 6 घायलों की हालत गंभीर

22 घायलों में 6 की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर घायलों में राजवीर पुत्र कानाराम उम्र 09 निवासी डीकावा, जीवण राम पुत्र खुमाणाराम उम्र 50 निवासी डीकावा, महेंद्र पुत्र खनाराम उम्र 50 निवासी नावां,लक्ष्मी पुत्री रामाकिशन उम्र 14 निवासी डीकावा, रोहित पुत्र रामाकिशन उम्र 11 निवासी डीकावा, गानाराम पुत्र रतनाराम उम्र निवासी डीकावा का नाम शामिल है। इन सभी घायलों को हायर सेन्टर रेफर किया गया है। सड़क हादसे में सोनू कंवर उम्र 20 निवासी बीदासर, चन्दन पुत्र चुनीलाल उम्र 19 निवासी तारपुरा, शमसाद पुत्र अली खान उम्र 45 निवासी झाडोद, प्रतापराम पुत्र भंवराराम उम्र 25 निवासी मण्डावरा, राकेश पुत्र गणपत राम उम्र 35 निवासी अजमेर, शिवकरण पुत्र घीसाराम उम्र 72 निवासी कुचामन, रहीसा बानो पत्नी आयुब खान उम्र 30 निवासी निमोद, पुजा पुत्री भूराराम उम्र 24 निवासी, डीगाल, गोकुल पुत्र सुमेर सिंह उम्र 60 निवासी कासेड़ा, बलकेस पत्नी रसीद खान उम्र 39 निवासी बावड़ी, कैलाश पुत्र सावताराम उम्र 48 निवासी बेवड़ा, महबुब खान पुत्र मेहताब उम्र 43 निवासी अजमेर, यासमीन पत्नी आदील खान उम्र 30 निवासी धनकोली, कासीब पुत्र अलताफ खां उम्र 19 निवासी धनकोली और साजीदा पुत्री अलताफ खां उम्र 20 निवासी धनकोली और इसलाम पुत्र अमजद खां उम्र 40 निवासी सुदरासन भी घायल हो गए। सभी घायलों का हायर सेंटर में उपचार जारी है।

# जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय प्रतीक को किया कलंकित

● दरगाह के शिलापट पर अशोक स्तंभ से बवाल ● आक्रोशित भीड़ ने शिलापट से अशोक स्तंभ को खुरच कर निकाला

**हिंदमाता नेटवर्क @ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में ईद-ए-मिलाद के मौके भारी बवाल हो गया। मामला दरगाह के शिलापट पर लगे राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ से जुड़ा हुआ है। आक्रोशित भीड़ ने शिलापट से अशोक स्तंभ को खुरच कर निकाल दिया। अशोक स्तंभ का विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि दरगाह के अंदर किसी भी तरह की कोई प्रतिमा नहीं लगाई जा सकती है। यह हमारे धर्म के खिलाफ है। गौरतलब है कि श्रीनगर में स्थित में हजरतबल दरगाह का हालही में रेनोवेशन हुआ था। इसके बाद दरगाह की दिवार में एक शिलापट लगाया गया था। उस शिलापट में एक तरफ अशोक स्तंभ था और दूसरी तरफ एक इस्लामिक चिन्ह था। इसी पर स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने अशोक स्तंभ को शिलापट से तोड़-फोड़ कर मिटा दिया।



### घटना का वायरल वीडियो

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोगों ने घटना में शामिल लोगों को इस्लामिक कट्टरपंथी करार दिया है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि उग्र भीड़ किस तरह हंगामा कर रही है। ताजा लगे शिलापट्ट पर फूल भी दिखाई दे रहे हैं।

### दो दिन पहले लगाया गया था शिलापट

संगमरमर का यह शिलापट दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने उद्घाटन के दौरान लगाया था। अब इस मामले पर डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रीय प्रतीक को कलंकित करना एक आतंकवादी हमला है। हमलावर एक राजनीतिक दल के गुंडे हैं। इन लोगों ने पहले भी कश्मीर को बर्बाद किया है। अब वे खुलेआम दरगाह शरीफ के अंदर आ गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि हमारे प्रशासक बाल-बाल बचे। भीड़ ने उन पर भी हमला किया। इस भीड़ ने राष्ट्रीय प्रतीक को कलंकित करके बहुत बड़ा अपराध किया है। उन्होंने दरगाह की गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। एक बार उनकी पहचान हो जाने पर, उन्हें आजीवन दरगाह में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### पुलिस ने स्थिति पर पाया काबू

घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में किया। इस मामले पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। हालांकि ऐसी घटनाएं कश्मीर में आराजकता को निमंत्रण दे रही हैं। इससे स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।


# ट्रंप फिर से फोड़ेंगे टैरिफ बम

⏭ कहा- यूएस में निवेश न करने वाले चिप निर्माताओं पर लगेगा टैक्स

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्दी ही दुनिया पर नया टैरिफ बम फोड़ने वाले है। इसके लेकर उन्होंने हाल ही में धमकी तक दी है। हालांकि इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति के निशाने पर कोई देश नहीं बल्कि सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनियां है। ट्रंप ने इन कपंनियों को टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनियों को चेतावनी दी है कि, जो कंपनियां अमेरिका में इन्वेस्टमेंट नहीं करेंगी, वो उन पर भारी टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि वो जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। इसके अलावा ट्रंप ने यह ही कहा कि इसमें उन कंपनियों को शामिल नहीं किया जाएगा, जो अमेरिका में अपनी कंपनी खोल रही हैं या इसके बारे में सोच रही है।

### अमेरिका में पैसा न लगाने वालों पर टैरिफ



डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई एक प्रेस काफ्रेंस में कहा कि, अब उनकी सरकार सेमीकंडक्टर चिप के आयात पर टैरिफ लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, टैरिफ सिर्फ उन कंपनियों के लिए होगा, जो अमेरिका में चिप प्लांट के लिए इन्वेस्टमेंट नहीं कर रही है। उन्होंने पिछले महीने भी कहा था कि अमेरिका सेमीकंडक्टर चिप के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा और सरकार ने इसके लिए कदम उठाने भी शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के ओर से लगातार मिल रही टैरिफ धमकियों के चलते मार्केट पहले ही उथल-पुथल है। पूरी दुनिया में व्यापार युद्ध को छेड़ दिया है। ट्रंप ने टैरिफ को किसी हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। वो इसे अपने 'अमेरिका फर्स्ट' पॉलिसी का अहम हिस्सा मानते हैं। उनका मानना है कि वो इस तरह से अमेरिका पर टैरिफ लगाने वाले देशों पर दवाब बना सकते हैं, साथ ही सालों से चले आ रहे व्यापार घाटे को कम कर सकते हैं।

### कोर्ट में चल रहा है मामला

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के खिलाफ संघीय अदालतों में अपील की गई है, और एक संघीय अदालत ने इन टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। ट्रंप पर यह आरोप है कि उन्होंने संविधान के तहत प्राप्त अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इस फैसले के खिलाफ ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

# पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी, हॉस्पिटल में भर्ती

**हिंदमाता नेटवर्क @ चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत खराब हो गई है। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले 2 दिनों से उनकी तबीयत नासाज थी। सूत्रों की मानें तो उन्हें वायरल फीवर और डाइजेशन से संबंधित समस्या थी। वह दवाएं लेकर घर पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन तबीयत में कोई सुधार नहीं होने और ब्लडप्रेशर में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें आज अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को चंडीगढ़ में पंजाब कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता करने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के बीमार पड़ने के बाद बैठक स्थगित कर दी गई है। इस बैठक में राज्य में चल रहे राहत और बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद थी, जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। इससे पहले कल वह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ सुल्तानपुर लोधी का दौरा करने वाले थे।

### केजरीवाल ने अकेले किया सुल्तानपुर लोधी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



इस इलाके के कई गाँव बाढ़ से प्रभावित हैं। लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह नहीं जा सके थे। हालांकि, केजरीवाल ने बाद में अकेले ही कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अरविंद केजरीवाल गुरुवार को मुख्यमंत्री मान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने उनके सरकारी आवास पर पहुंचे थे। बता दें कि पंजाब भीषण बाढ़ से जूझ रहा है, जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 हो गई है तथा गुरुवार तक 1.71 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। पिछले दो हफ्तों में, भगवंत मान ने नुकसान का आकलन करने और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए कई बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने मंगलवार को नाव से फिरोजपुर जिले के गट्टी राजो का दौरा किया था। वह अमृतसर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का भी दौरा किया था। हालांकि, मुख्यमंत्री मान कल तक अपने एक्स अकाउंट पर अपडेट पोस्ट करते रहे। एक पोस्ट में, उन्होंने घोषणा की कि हर बाढ़ प्रभावित गांव में एक राजपत्रित अधिकारी तैनात किया जाएगा ताकि प्रशासन और निवासियों के बीच सीधा संपर्क सुनिश्चित हो सके और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

# सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में महिला नक्सली ढेर

● राइफल और ग्रेनेड लॉन्चर बरामद

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया। यह एनकाउंटर नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे एक वन क्षेत्र में हुआ। महिला नक्सली के पास से एक .303 राइफल और दो बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) लॉन्चर और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं बरामद की गई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ उस समय हुई जब नारायणपुर और दंतेवाड़ा से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और राज्य पुलिस बल की दोनों इकाइयों, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक संयुक्त टीम अंतर-जिला सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।



### इस साल 230 नक्सली मारे गए

पुलिस के मुताबिक, इस साल छत्तीसगढ़ में अब तक अलग-अलग एनकाउंटर में 230 नक्सली मारे गए हैं। इसमें से 209 नक्सली बस्तर संभाग में मारे गए हैं, जिसमें बीजापुर, बस्तर, कांकेर, कोनाडागांव, नारायणपुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले आते हैं। पुलिस ने कहा कि अभियान इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से एक महिला नक्सली का शव, एक राइफल और बेरेल ग्रेनेड लॉन्चर बरामद किया गया है।

## वीआईपी के आने पर दो घंटे में सफाई तो आम दिनों में क्यों नहीं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के डिफेंस कॉलोनी इलाके में लोधी काल के स्मारक 'शेख अली की गुमटी' के आसपास सफाई न रखने के लिए एमसीडी की आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति आने वाला है तो आप दो घंटे में इसे साफ कर देंगे। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और एसवीएन भट्टी की बेंच ने एमसीडी कमिश्नर को अधिकारियों को जवाबदेह बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि कोर्ट कमिश्नर की ओर से बताई गई कमियों को दूर करने के लिए एक एक्शन प्लान प्रस्तुत करें। पीठ ने 4 सितंबर को टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति आने वाला है तो आप दो घंटे में इसे साफ कर देंगे और क्षेत्र को एकदम स्वच्छ रखेंगे। क्या यही हमारे आदेशों का आप सम्मान करते हैं?

# तमिलनाडु में केमिकल फैक्ट्री से निकला जहरीला धुआं

● 43 लोग अस्पताल में भर्ती



**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

तमिलनाडु के एक केमिकल प्लांट से जहरीला धुआं निकलने के बाद 40 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना शुक्रवार सुबह की है, जब सिपकोट औद्योगिक परिसर में एक रासायनिक निर्माण संयंत्र से जहरीला धुआं लीक होने लगा। इसके बाद आस-पास रहने वाले लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये लीक प्लांट के स्टीम वॉल्व से होने का संदेह है। हालांकि बाद में धुएं पर काबू पा लिया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

कुड्डालोर जिले के पुलिस अधीक्षक एस. जयकुमार ने राजस्व विभाग और तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर कारखाने का निरीक्षण किया। सोशल मीडिया पर टीम द्वारा निरीक्षण करने और निवासियों के साथ बातचीत की तस्वीरें शेयर की गईं। एक अधिकारी ने बताया कि करीब 43 लोगों को आंखों में जलन और दम घुटने की समस्या का सामना करना पड़ा। उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी जयकुमार ने कहा कि कारखाने के अधिकारियों को एहतियातन कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कलेक्टर के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है।

# असम बीजेपी में असंतोष, पूर्व विधायक विनंद शैकिया के बाद पूर्व विधायक मानसिंह रोंगपी का बीजेपी से त्यागपत्र

**हिंदमाता नेटवर्क @ असम**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा हमेशा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक शक्तिशाली और सुदृढ़ संगठन बताते आए हैं, किंतु अब स्थिति यह हो गई है कि असम बीजेपी से एक के बाद एक नेता इस्तीफा देते जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही सिपाझार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विनंद शैकिया ने बीजेपी छोड़ दी थी और उसके तुरंत बाद, कार्बी आंगलोंग जिले के बैथालांगसो से तीन बार के विधायक रह चुके डॉ. मानसिंह रोंगपी ने बृहस्पतिवार को बीजेपी से इस्तीफा दिया। रोंगपी ने घेलानी स्थित पार्टी कार्यालय में जिला इकाई के माध्यम से असम बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप शैकिया को अपना त्यागपत्र सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने भाषण देते हुए पार्टी की वर्तमान कार्यशैली पर सवाल खड़े किए और कहा कि पुरानी बीजेपी कहां है?

बीजेपी पर नवागंतुकों का कब्जा हो गया है। हमारे जैसे पुराने कार्यकताओं और नेताओं की न तो कोई इज्जत है और न ही कोई मान्यता है इस समय की बीजेपी में। कार्बी आंगलोंग की राजनीति में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। वर्ष 2006 से 2016 तक वे लगातार तीन बार कांग्रेस



विधायक के रूप में बैथालांगसो से चुने गए थे। बाद में 2016 में उन्होंने बीजेपी का दामन थामा और उपचुनाव में अपनी सीट बरकरार भी रखी, लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में जब उन्हें टिकट से वंचित रखा गया, तब से ही उनका पार्टी से संबंध कमजोर होने लगा। इससे पहले भी पहाड़ी जिलों में आंतरिक कलह और गुटबाजी ने असम बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। ऐसे में रोंगपी का त्यागपत्र पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर असम में पूर्व छात्र भारती का सम्मान समारोह



**असम।** देश भर में आज मनाए गए शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिशु शिक्षा समिति, असम के पूर्व छात्र भारती और असम प्रकाशन भारती ने विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र संघ के मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के महासचिव जगन्नाथ राजवंशी, क्षेत्रीय आंतरिक लेखाकार डॉ. विवेकानंद शर्मा और असम के अन्य पूर्णकालिक सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. विवेकानंद शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि समाज को बदलने में शिक्षाविदों की भूमिका बहुत बड़ी है। हम सभी को निष्ठा और ईमानदारी से इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व छात्र भारती की क्षेत्रीय समन्वयक स्वप्ना देवी ने ज्ञान का प्रकाश फैलाकर व्यक्ति निर्माण करने वाले समाज के मार्गदर्शक स्वरूप शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रणाम किया।

**हिंदमाता एंकर** आने वाले समय में हमारी सेनाएं अंतरिक्ष में भी युद्ध लड़ने में होंगी सक्षम

# एलियन से भी भिड़ जाएगा भारत! रक्षा मंत्रालय ने बताया 15 साल का रोडमैप

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 15 साल का रोडमैप तैयार किया है। बदलते वॉरफेयर के अनुसार भारत सुरक्षा तंत्र को मॉडर्न तकनीक से लैस करने की योजना में अगले 15 साल तक काम करेगा। योजना के अनुसार आने वाले समय में हमारी सेनाएं अंतरिक्ष में भी युद्ध लड़ने में सक्षम होंगी। इसके लिए अक् बिना पायलट वाले सिस्टम और डायरेक्ट एनर्जी वेपन जैसे मॉडर्न उपकरणों पर फोकस किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय आने वाले सालों में परमाणु उर्जा से चलने वाले जहाजों , अगली पीढ़ी के टैंक, बिना पायलट वाले लड़ाकू विमान और हाइपरसोनिक मिसाइलों में का जखीरा तैयार करने की योजना पर काम करेगा। इससे स्पष्ट है कि सशस्त्र सेना को न केवल ताकतवर बनाया जाएगा, बल्कि विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जाएगा।



### दुश्मनों को हर मोर्चे पर हराने की तैयारी

रक्षा मंत्रालय की इस योजना में अरबों रुपए इन्वेस्ट करने जा रहा है। इसके तहत भारतीय नौसेना के लिए परमाणु उर्जा से चलने वाले जहाजों का इंतजाम किया जाएगा। थल सेना के लिए नई पीढ़ी के टैंक बनाए जाएंगे। साथ ही सेना के लिए ऐसे ड्रोन तैयार किए जाएंगे जो स्टील्थ तकनीक से लैस होंगे। यह दुश्मन के एंटी मिसाइल सिस्टम को चकमा देने में सक्षम होंगे। इसके अलावा, हाइपरसोनिक मिसाइलें, लेजर हथियार और दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने वाले एयर डिफेंस सिस्टम भी तैयार किए जाएंगे।

### रक्षा मंत्रालय की बड़ी तैयारी

रक्षा मंत्रालय की पहल संकेत दे रही है कि आने वाले समय में युद्ध का तरीका, परांपरिक युद्ध से बिल्कुल अलग होगा। विशेष तौर पर अंतरिक्ष युद्ध के लिए सरकार बिना पायलट वाले सिस्टम और डायरेक्ट एनर्जी वेपन जैसी तकनीकों को लेकर पूरी तरह से तैयार नजर आती है। इसका मतलब है कि भारतीय सेना को तकनीक में दुश्मनों से एक कदम आगे रहना होगा। जैसा की ऑपरेशन सिंदूर के समय देखने को मिला।

### हाईटेक युद्ध लड़ने के लिए सशस्त्र सेना की नई योजना

सशस्त्र सेना की योजना के मुताबिक, आने वाले समय में उन्हें करीब 150 स्टील्थ अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल व्हीकल्स की आवश्यकता होगी। ये ड्रोन सुपरसोनिक स्पीड से उड़ने, हथियार ले जाने और 15 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम होंगे। इसके अलावा, सशस्त्र सेना को साइबर सुरक्षा की भी आवश्यकता है, ताकि उनके सैटेलाइट को हैकिंग से बचाया जा सके। सेना को सैटेलाइट आधारित लेजर रेंज फाइंडर और टोही सैटेलाइट्स की भी जरूरत होगी। साथ ही, आर्मी और एयर फोर्स के लिए हाई एनर्जी लेजर सिस्टम भी जरूरी होंगे, जो एंटी-सैटेलाइट ऑपरेशंस में भी मदद कर सकें। सशस्त्र सेना अपने उपकरणों में हाई-पावर इलेक्ट्रोमैगनेटिक वेपन सिस्टम भी शामिल करना चाहती है।

## बिजनेस वर्ल्ड

### शिक्षक दिवस पर डाबर आमला का मातृत्व को सम्मान, माताएं पहले शिक्षक के रूप में सम्मानित

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



डाबर इंडिया लिमिटेड के 'वर्ल्ड्स नंबर 1 हेयर ऑयल' ब्रांड, डाबर आंवला ने शिक्षक दिवस मनाने के लिए एक अनोखा और दिल छू लेने वाला अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, हर किसी के जीवन के पहले और सबसे प्रभावशाली शिक्षक, यानी उनकी माता, को सम्मानित किया गया है। यह अभिनव अभियान शिक्षक दिवस के पारंपरिक समारोह को एक नया रूप देते हुए मां की प्राथमिक भूमिका को एक शिक्षक के रूप में उजागर करता है। इस अभियान का मुख्य आकर्षण एक आधुनिक और भावनात्मक रैप फिल्म है जो मां-बेटी के रिश्ते के भावनात्मक और ताजगी भरे सार को दर्शाती है। यह वीडियो शिक्षक दिवस की बातचीत को एक नया दृष्टिकोण देता है, इसे कक्षा से आगे ले जाकर उन जीवन भर के पाठों और ताकत का जश्न मनाता है जो एक मां प्रदान करती है। युवा पीढ़ी और जेन-जी को आकर्षित करने के लिए रैप फॉर्मेट को चुना गया है, जो मां के एक शिक्षक के रूप में अवतार का उदाहरण है। इस अभियान को और बढ़ावा देने के लिए एक विशेष माइक्रोसाइट बनाई गई है, जहां उपभोक्ता अपनी मां के साथ एक फोटो अपलोड कर सकते हैं। इसके बदले में, उन्हें एक खास, पर्सनलाइज्ड डाबर आंवला बोतल उनके घर पर भेजी जाएगी, जिस पर उनकी और उनकी मां की तस्वीर होगी। जो लोग डिजिटल विकल्प पसंद करते हैं, वे एक कस्टमाइज्ड ई-बोतल डाउनलोड करके सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं, जिससे यह उत्सव इंटरैक्टिव और यादगार बन जाएगा। यह एक नए जमाने का अभियान है, जहां उपभोक्ता उस उत्पाद का इस्तेमाल करते हैं जिस पर उन्होंने हमेशा भरोसा किया है।

### मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने स्थापित किया शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया मानक

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



ग्गुजरात के एक अग्रणी निजी संस्थान मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) 2025 में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। यूनिवर्सिटी को देशभर की यूनिवर्सिटीज में 150वां स्थान, फार्मेसी संस्थानों में 125वां स्थान, और इंजीनियरिंग श्रेणी में भारत के टॉप 300 संस्थानों में जगह मिली है। यह उपलब्धि मारवाड़ी यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अत्याधुनिक शोध और छात्रों के समग्र विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित NIRF 2025 रैंकिंग्स में देशभर के संस्थानों का मूल्यांकन शिक्षण-संसाधन, शोध, स्नातक परिणाम, समावेशिता और संस्थागत छवि जैसे विस्तृत मानकों के आधार पर किया गया। मारवाड़ी यूनिवर्सिटी का लगातार सशक्त प्रदर्शन इस बात को दर्शाता है कि संस्थान पढ़ाई-लिखाई के साधनों, शोध, छात्रों के परिणामों, सभी के लिए समान अवसर और समाज में अपनी पहचान जैसे अहम पहलुओं पर बराबर ध्यान दे रहा है। साथ ही, विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ की नई कार्यप्रणाली के अनुरूप खुद को ढाला है, जिसमें इस वर्ष से सतत विकास लक्ष्य को भी शामिल किया गया है।

### साइबर हमले के बाद स्थिति पर रखी जा रही है करीबी नजर: इंडियन होटल्स

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) ने अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली पर एक मैलवेयर हमला होने की जानकारी देते हुए कहा है कि इसके प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत कार्रवाई की गई। देश की आतिथ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी आईएचसीएल ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस साइबर हमले का प्रभाव कम करने और आईटी प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए गए हैं। टाटा समूह की इस कंपनी ने यह भी साफ किया है कि सभी होटल और सेवाएं सामान्य रूप से चालू हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आईएचसीएल ने कहा, ह्यह्यहम शेयर बाजार को सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी पर एक साइबर हमले की घटना का पता चला है जिससे कुछ चुनिंदा आईटी सिस्टम प्रभावित हुए हैं। इसका प्रभाव को नियंत्रित करने और सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए तुरंत कार्रवाई की गई है। संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। कंपनी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और कामकाज सामान्य रूप से जारी है। आईएचसीएल की अनुषंगी कंपनी बनारस होटल्स ने भी शुक्रवार को इसी तरह की सूचना दी। उसने आईटी सुरक्षा पर हुए हमले के बारे में शेयर बाजार को सूचित किया।

### रिलायंस पावर ने कहा, आरकॉम के खिलाफ बीओबी की कार्रवाई से उसके कारोबार पर असर नहीं

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

रिलायंस पावर ने शुक्रवार को कहा कि रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की कार्रवाई का उसके कारोबारी संचालन और वित्तीय प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद बीओबी ने दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है। बैंक ने एक दशक से भी अधिक पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग की बात करते हुए कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम लिया है। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को बताया कि वह एक अलग और स्वतंत्र सूचीबद्ध इकाई है, जिसका रिलायंस कम्युनिकेशंस से कोई व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं है। रिलायंस पावर ने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचनाएं और रिकॉर्ड बताते हैं कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के लिए जो वर्गीकरण किया है, वह 10 साल पहले के मामलों से संबंधित है। कंपनी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा के रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित करने की कार्रवाई का रिलायंस पावर के कारोबारी संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अनिल अंबानी 3.5 साल से ज्यादा समय से रिलायंस पावर के बोर्ड में नहीं हैं।

### एक ट्रिलियन डॉलर का सैलरी पैकेज, एलन मस्क को मिला सबसे बड़ा ऑफर

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



अमेरिका की दिग्गज कंपनी टेस्ला इंक ने अपने अरबपति संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के लिए 1 ट्रिलियन डॉलर के बड़े सैलरी पैकेज का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, कंपनी कई बेंचमार्क हासिल करना चाहती है। इसके लिए कंपनी एलन मस्क की लीडरशिप चाहती है। ऐसे में टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रस्ताव को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ला ने शेयरहोल्डर्स के लिए लेटर में कहा-सरल शब्दों में कहें तो, एलन को बनाए रखना और उन्हें प्रोत्साहित करना टेस्ला के लिए इन लक्ष्यों को हासिल करने और इतिहास की सबसे मूल्यवान कंपनी बनने की नींव है। जानकारी के मुताबिक अगर एलन मस्क बेंचमार्क को हासिल कर लेते हैं और अगले 10 वर्षों में टेस्ला के रोबोटैक्सी व्यवसाय का बाजार मूल्य कम से कम 8.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ा देते हैं तो उन्हें पूरा सैलरी भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा टेस्ला में कंपनी की हिस्सेदारी को 25% तक बढ़ा दिया जाएगा। अगस्त महीने में टेस्ला ने एलन मस्क को लगभग 29 अरब अमेरिकी डॉलर के 9.6 करोड़ सशर्त शेयर दिए थे।

### वेदांता की झोली में आई जेपी ग्रुप की कंपनी, खरीदारी की रेस में अडानी को शिकस्त

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेएएल) का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने गौतम अडाणी के समूह को पीछे छोड़ते हुए अधिग्रहण के लिए 17,000 करोड़ रुपए की सफल बोली लगाई है। बता दें कि रियल एस्टेट, सीमेंट, बिजली, होटल और सड़क के क्षेत्र में कार्यरत जेएएल ऋणों के भुगतान में चूक के बाद दिवाला कार्यवाही से गुजर रही है। जेएएल के कर्जदाताओं ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत कंपनी की बिक्री के लिए एक प्रक्रिया आयोजित की। इस प्रक्रिया में कई बोलीदाताओं ने भाग लिया लेकिन अंत में केवल दो कंपनियां- अडानी और वेदांता ने ही बोलियां लगाईं। वेदांता ने अडाणी समूह को पीछे छोड़ते हुए अंततः 17,000 करोड़ रुपए की सफल बोली लगाई, जिससे उसका नेट मौजूदा मूल्य 12,505 करोड़ रुपए रहा।

हिंदमाता मिरर
दैनिक ठाणे, शनिवार 6 सितंबर, 2025
पैनी नजर, पुख्ता खबर
GAME & GLAMOUR




# Asia Cup 2025 में 2 भारतीय और 3 पाकिस्तानी करेंगे 5 टीमों की कप्तानी

T20 Asia Cup 2025 की शुरुआत अगले सप्ताह से होने वाली है। 9 सितंबर से यूएई के दुबई और अबूधाबी में खेले जाने वाले इस एशियाई टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि 8 टीमों के कप्तान सिर्फ 5 देशों के ही खिलाड़ी हैं। जी हां, ये सच है। दो भारतीय और 3 पाकिस्तानी खिलाड़ी एशिया कप में 5 टीमों की कप्तानी करते नजर आएंगे।

■ दरअसल, भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जबकि पाकिस्तान की टीम के कप्तान सलमान अली आगा हैं, लेकिन पाकिस्तान में जन्मे दो और क्रिकेटर, जबकि भारत में जन्मा एक और क्रिकेटर 3 अन्य टीमों की कप्तानी करता नजर आएगा। इनमें एक हैं ओमान टीम के कप्तान जतिंदर सिंह, जो पंजाब के लुधियाना में जन्मे हैं, लेकिन अब ओमान के लिए खेलते हैं और एशिया कप में ओमान की टीम के कप्तान भी हैं।

■ वहीं, अगर बात पाकिस्तान की करें तो संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई की टीम के कप्तान मुहम्मद वसीम हैं। मुहम्मद वसीम पाकिस्तान के खानेवाल जिले के मियां चन्नूं में जन्मे थे। वे अब काफी समय से यूएई में रह रहे हैं और अब उनके पास यूएई की नागरिकता भी है। इनके अलावा हॉन्ग कॉन्ग टीम के कप्तान यासिम मुर्तजा हैं, जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सियालकोट में जन्मे हैं और अब हॉन्ग कॉन्ग सैटल हो चुके हैं।

■ इस तरह से भारत के 2 और पाकिस्तान के 3 शख्स 5 टीमों की कप्तानी इस बार एशिया कप में करते नजर आएंगे। बड़ा ही अद्भुत संयोग इस बार हो रहा है। इनके अलावा अफगानिस्तान की टीम के कप्तान राशिद खान हैं, जो अफगानिस्तान में ही जन्मे हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम के कप्तान लिटन दास हैं, जो बांग्लादेश में जन्मे हैं। वहीं, श्रीलंका की टीम के कप्तान चरित असलंका हैं, जिनका जन्म श्रीलंका में ही हुआ है।

## उर्मिला ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज भी एक फैशन और फिटनेस आइकन मानी जाती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में उनका फिगर, ग्लो और कॉन्फिडेंस देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह 51 वर्ष की हैं। वह योगा, डाइट और रेगुलर वर्कआउट से अपने आप को फिट रखती हैं। अब हाल ही में उर्मिला ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर बवाल काट रही हैं।



# विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रेंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है।

### आधिकारित तौर से फिल्म से जुड़े विद्युत

पैरामाउंट पिक्चर्स ने लीजेंडरी एंटरटेनमेंट और कैपकॉम के साथ मिलकर शुक्रवार को फिल्म के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पूरी कास्ट का खुलासा किया। प्रोडक्श हाउस ने पोस्ट में लिखा कि अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते। 'स्ट्रीट फाइटर' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टूर्नामेंट शुरू हो गया है! पोस्ट में सभी कलाकारों के नाम के साथ विद्युत जामवाल का भी नाम है।

### फिल्म में विद्युत जामवाल का किरदार

मार्शल आर्ट के लिए मशहूर विद्युत जामवाल को 'स्ट्रीट फाइटर' की दुनिया में एकमात्र भारतीय किरदार, धालसिम की भूमिका के लिए चुना गया है। धालसिम एक योगी है, जिसके पास आग उगलने की क्षमता है। वह मूल रूप से एक शांत व्यक्ति है, जो अपने परिवार का पालन-पोषण करने में लगा है। 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म से विद्युत जामवाल हॉलीवुड डेब्यू करेंगे।

### फिल्म की स्टारकास्ट

फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत जामवाल के अलावा एंड्रयू कोजी, नोआ सेंटीनो, जेसन मोमोआ, कैलिना लियांग, रोमन रेन्स, ऑरविल पेक, कोडी रोड्स, एंड्रयू शुल्ज, जैक्सन और डेविड डस्टमलचियन जैसे कलाकार होंगे। फिल्म का निर्देशन फिल्म निमार्ता किताओ सकुराई कर रहे हैं। विद्युत जामवाल 'कमांडो' और 'खुदा हाफिज' जैसी एक्शन फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा चुके हैं। वह आखिरी बार साल 2024 में आई फिल्म 'क्रैक' में नजर आए थे। हालांकि यह फिल्म बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। विद्युत जामवाल अपने जबरदस्त एक्शन के लिए जाने जाते हैं।

# श्रेया घोषाल करेंगी महिला विश्व कप की शुरुआत




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय संगीत जगत की आइकन श्रेया घोषाल 30 सितंबर को गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच होने वाले शुरुआती मैच से पहले महिला विश्व कप के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देंगी। आईसीसी ने यह भी कहा कि इस साल का टूर्नामेंट सुलभता के मामले में एक नया मानक स्थापित करेगा क्योंकि आईसीसी वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टिकट की कीमतें काफी कम होंगी।

■ पहले चरण में भारत में सभी लीग मैचों के टिकटों की कीमत केवल 100 रूपए (लगभग 1.14 अमेरिकी डॉलर) है। टिकटों के अनुकूल मूल्य निर्धारण का उद्देश्य खचाखच भरे स्टेडियम और उत्साही दर्शकों की भीड़ सुनिश्चित करना है क्योंकि महिलाओं का खेल लगातार लोकप्रियता और वैश्विक आकर्षण बढ़ा रहा है।

■ पहले चरण में सभी राउंड-रॉबिन लीग मैचों के टिकट विशेष रूप से 'गूगल पे' उपयोगकर्ताओं के लिए खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। प्रशंसक दूसरे चरण (सभी लीग मैचों के लिए) के लिए भी दिलचस्पी दर्ज करा सकते हैं जिसके लिए टिकटों की बिक्री मंगलवार 9 सितंबर से शुरू होगी।

■ आईसीसी ने प्रेस विज्ञप्ति में उद्घाटन समारोह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बॉलीवुड की प्रमुख पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल एक लाइव प्रस्तुति देंगी जो वैश्विक मंच पर महिला क्रिकेट की ऊर्जा, उत्साह और एकता का जश्न मनाएगा। श्रेया घोषाल ने टूर्नामेंट का आधिकारिक गान 'ब्रिंग इट होम' भी रिकॉर्ड किया है।

# सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा ग्लैमर



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्रेस से लोगों का दिल जीतने में सफल रहीं। इस बार वह नजर आईं टाटा ग्रुप के प्रतिष्ठित लग्जरी ज्वेलरी ब्रांड जोया के नए कलेक्शन 'Whispers from the Valley' के लॉन्च इवेंट में, जो हैदराबाद शहर में बड़े ही खास अंदाज में आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद थे, जिन्होंने कलेक्शन के पीछे की प्रेरणा और डिजाइन की बारीकियों पर प्रकाश डाला। इस इवेंट के दौरान सोनम कपूर ने एक बार फिर साबित किया कि वह क्यों फैशन की दुनिया की ट्रेंडसेटर हैं। उन्होंने मशहूर डिजाइनर राहुल मिश्रा द्वारा डिजाइन किया गया एक शानदार कूचर गाउन पहना था, जो पूरे कार्यक्रम में सभी की नजरों का अटेंशन पॉइंट बना रहा। अपने इस रॉयल लुक को और भी आकर्षक बनाने के लिए सोनम ने जोया के नवीनतम कलेक्शन में से 'स्प्रिंग सॉन्ग चोकर' और इयररिंग्स पहने। इन ज्वेलरी पीसेज में कश्मीर की वादियों की बफीर्ली शांति और हरे-भरे सेबों की ताजगी का सुंदर समावेश देखने को मिला। बता दें, सोनम कपूर लंबे समय से जोया की ब्रांड एंबेसडर रही हैं और दोनों की साझेदारी ने ज्वेलरी की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट किए हैं।

# जेनेलिया डिसूजा का ट्रेडिशनल लुक



बॉलीवुड की चहेती एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा हमेशा से ही ट्रेडिशनल आउटफिट्स को एक नए अंदाज में पेश करती आई हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर आते ही वायरल हो गई हैं। फैंस को जेनेलिया का ये ट्रेडिशनल लुक काफी पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में जेनेलिया 'Aamra by Lavanya' का एक बेहद खूबसूरत लहंगा पहने नजर आ रही हैं, जिसकी कीमत लगभग 54,000 बताई जा रही है। लहंगे में हल्के-फुल्के स्ट्राइप्ड शिमर डिटेलिंग दी गई है, जो रोशनी पड़ने पर उसे एक रिच और एलिगेंट लुक दे रही है।

# आलिया ने जाहिर की कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश



आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं।

### ऐसी कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं, जिसे बेटी राहा देख सके

आलिया भट्ट ने अपने फ्यूचर फिल्म प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। आलिया चाहती हैं कि वह ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं कि मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं कि कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं।

### इस साल एक्शन फिल्म में नजर आएंगी आलिया

आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, इसमें आलिया एक स्पाई का रोल करती दिखेंगी। इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर आलिया इन दिनों काफी मेहनत कर रही हैं।

# रेने सेन का स्टाइलिश लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के लाखों लोग दीवाने हैं। सुषमिता भले ही अब फिल्मों में कम नजर आती हो, लेकिन अपनी खूबसूरती से फैंस का दिल जीत लेती हैं। वहीं अब सुष्मिता सेन की बेटी रेने भी अपनी मां की तरह ही अपनी खूबसूरती से फैंस का दिल जीत रही हैं।

■ सुषमिता ने भले ही 49 साल की उम्र में कुंआरी हैं, लेकिन उन्होंने दो बेटियों को गोद लिया है। इनके नाम रेने और अलीशा है। रेने भी अपनी मां की तरह फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए तैयार है। रेने का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

■ बीते दिन रेने ने अपना 25वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर सुष्मिता ने अपनी बेटी की खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीरों में रेने कई स्टारकिड्स को टक्कर देती नजर आ रही हैं।

■ रेने अपनी मां की ही तरह एक्टिंग में नाम कमाना चाहती है। जिसके लिए वह खूब मेहनत भी कर रही है। लोगों का कहना है कि वह अपनी मां से चार गुना स्टाइलिश बनेगी। रेने ने फिल्म सुटेबाजी में डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्होंने बैड न्यूज में बैक स्टेज भी काम किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक नरेश पी. बजाज द्वारा बैरक नंबर 887/27 सेक्शन 18, उल्हासनगर -421 003, जिला ठाणे से प्रकाशित व सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, आमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनवाला क्रॉस रोड -2, जवाहरनगर के पास, फाटक पुल, गोरेगांव, मुंबई -63, (महाराष्ट्र) से मुद्रित।
दूरध्वनि: 0251- 3238100, कार्यकारी संपादक: पंजू बजाज (पी. आर. बी. एक्ट के तहत कंटेट चयन के लिए जिम्मेदार) न्याय क्षेत्र ठाणे जिला। hindmatamirror1@gmail.com RNI. NO. MAHHIN/2011/43060 स्थानीय संपादक: शिवप्रताप